CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

शुक्ला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
किडनी एवं मूत्र विशेषज्ञ
डॉ. तरुण ध्रुव
MBBS, FID, CCIDS, FIN
CONSULTING PHYSICIAN
IN NEPHROLOGY
डायलिसिस व सभी प्रकार के पथरी का इलाज उपलब्ध
प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार
समय: सुबह 9:30 से 11:30
बसंतपुर, राजनांदगांव (छ.ग.)
Mo. 9301033013, 9752899208

वर्ष- 45 अंक - 16 राजनांदगांव, सोमवार 01 दिसम्बर 2025 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## टीम भावना से किया गया कार्य होगा सफल : पीएम मोदी

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के आईआईएम में तीन दिवसीय डीजीपी और आईजीपी कॉन्फ्रेंस का रविवार को समापन हो गया. इस कॉन्फ्रेंस में पुलिसिंग को मजबूत करने, पुलिस के बारे में लोगों की सोच बदलने, नए क्रिमिनल कानूनों के बारे में जागरूकता बढ़ाने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया गया. इस कॉन्फ्रेस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की सुरक्षा व्यवस्था को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप विकसित करने का व्यापक दृष्टिकोण पेश किया.




0 पुलिसिंग का एआई का उपयोग में हुआ मंथन
0 नक्सलवाद और आतंकवाद को जड़ से खत्म करने बनी रणनीति
0 अखिल भारतीय आईजी-डीजीपी का तीन दिवसीय सम्मेलन संपन्न

पुलिस महानिदेशकों/महानिरीक्षकों के 60वें अखिल भारतीय सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए पीएम मोदी ने पुलिस के प्रति जनता की धारणा बदलने, युवाओं तक पहुंच बढ़ाने, शहरी व पर्यटन पुलिसिंग को मजबूत बनाने और नए आपराधिक कानूनों की जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने प्रौद्योगिकी, एआई और राष्ट्रीय खुफिया ग्रिड के व्यापक उपयोग के साथ ही द्वीप व तटीय सुरक्षा तथा फोरेंसिक आधारित जांच में नवाचार की आवश्यकता रेखांकित की।

सम्मेलन में राष्ट्रीय सुरक्षा प्राथमिकताओं पर विस्तृत मंथन हुआ, जिसमें 'विजन 2047' पुलिस रोडमैप, आतंकरोधी रुझान, महिला सुरक्षा, भगोड़ों की ट्रैकिंग और फोरेंसिक सुधार शामिल रहे। प्रधानमंत्री ने आपदाओं से निपटने में बेहतर तैयारी और समन्वित प्रतिक्रिया पर बल देते हुए चक्रवात, बाढ़ और प्राकृतिक आपात स्थितियों के लिए सरकार के समग्र दृष्टिकोण को अपनाने की जरूरत बताई।

उन्होंने पुलिस नेतृत्व से विकसित भारत की राष्ट्रीय सोच के अनुरूप पुलिसिंग में आधुनिकीकरण व सुधार तेज करने का आग्रह किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक प्रदान किए और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शहरों को नए शहरी पुलिसिंग अवॉर्ड से सम्मानित किया।

डीजीपी आईजीपी कॉन्फ्रेंस की शुरुआत शुक्रवार 28 नवंबर को हुई. इस दिन देश के सर्वश्रेष्ठ थानों को सम्मानित किया गया. साल 2025 कुल 70 थानों में से शीर्ष 10 का चयन किया गया, जिनमें से तीन को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पहले दिन सत्र की अध्यक्षता की. उन्होंने इस अवसर पर कहा कि अगले डीजीपी मीट तक देश से नक्सलवाद पूरी तरह समाप्त हो जाएगा. अमित शाह ने कहा कि इंटेलिजेंस की सटीकता, उद्देश्य की स्पष्टता और कार्रवाई की तालमेल। केंद्रीय गृह मंत्री ने जोर दिया कि इन तीन बिंदुओं पर काम करके हम कट्टरता, उग्रवाद और नारकोटिक्स पर लगातार अटैक कर रहे हैं.

डीजीपी और आईजीपी कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन पीएम नरेंद्र मोदी ने कुल चार सत्रों की अध्यक्षता की. इस कॉन्फ्रेंस को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि भारत के सिक्योरिटी सिस्टम के अलग अलग पहलुओं पर चर्चा और मंथन जारी है. इस अवसर पर पीएम मोदी ने सर्वोत्तम कार्यप्रणाली और नवाचारों को अपनाने की बात कही.

ऑल इंडिया डीजीपी और आईजीपी मीट के तीसरे दिन पीएम मोदी ने कुल 2 सत्रों को संबोधित किया. उन्होंने पुलिस के बारे में लोगों की सोच बदलने, युवाओं तक पहुंच बढ़ाने, शहरी और टूरिस्ट (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## यूएस-चीन की नई वैश्विक शर्तों से दुनिया में अस्थिरता, जयशंकर बोले- सप्लाई चेन पर बढ़ा रहा दबाव

कोलकाता। कोलकाता में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने वैश्विक राजनीति और आर्थिक समीकरणों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दुनिया इस समय ऐसे मोड़ पर है जहां अमेरिका और चीन की नई नीतियों ने अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को अस्थिर कर दिया है। बदलते हालात में देशों के सामने यह तय करना मुश्किल हो गया है कि उन्हें प्रतिस्पर्धा पर ध्यान देना चाहिए या उन समझौतों पर जो बैक चैनल में होते रहते हैं।



जयशंकर ने कहा कि अमेरिका अब पुराने ढांचे के तहत दुनिया का नेतृत्व नहीं कर रहा, बल्कि एक-एक देश के साथ सीधे और नई शर्तों पर बातचीत कर रहा है। दूसरी ओर, चीन भी अपने नियमों पर ज्यादा कठोरता से काम कर रहा है। इस स्थिति में दुनिया के कई देश असमंजस में हैं और संभावित जोखिमों से बचने के लिए सभी विकल्प खुले रख रहे हैं।

### वैश्विक दबाव और देशों की रणनीति

उन्होंने कहा कि वैश्वीकरण, सप्लाई असुरक्षा और बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के कारण देश हर आकस्मिकता के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं। जहां संभव हो, वे कठिन विकल्पों से बच रहे हैं और जहां फायदा दिख रहा है, वहां तुरंत निर्णय ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी कारण विभिन्न क्षेत्रों में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स की मांग और उत्साह में तेजी आई है।

### चीन की हिस्सेदारी और सप्लाई चेन संकट

जयशंकर ने बताया कि वैश्विक उत्पादन का एक तिहाई हिस्सा आज चीन में होता है, जिससे सप्लाई चेन की विश्वसनीयता पर सवाल उठे हैं। संघर्षों और जलवायु संकटों ने इस खतरे को और बढ़ा दिया है। ऊर्जा के मामले में अमेरिका अब बड़ा निर्यातक बन गया है, जबकि चीन नवीकरणीय ऊर्जा पर हावी है। यह बदलाव वैश्विक संतुलन को प्रभावित कर रहा है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पांच दिन, 6 बैठकें, हंगामेदार हो सकता है विधानसभा का मॉनसून सत्र

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा का मॉनसून सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। इस सत्र के हंगामेदार रहने की संभावना है। कांग्रेस राज्य में खाद की कमी और कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर बीजेपी सरकार को घेरने की योजना बना रही है। वहीं, बीजेपी ने भी विपक्ष के सवालों का जवाब देने की योजना बना ली है। रविवार को भाजपा और कांग्रेस ने अपनी अपनी रणनीति को अंतिम रूप देने के लिए अपने विधायकों के साथ बैठकें की हैं।




### पांच बैठकें होंगी

छत्तीसगढ़ विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है, ''छत्तीसगढ़ की छठी विधानसभा के छठे सत्र में पांच बैठकें होंगी। यह सत्र 18 जुलाई तक चलेगा।

उन्होंने बताया कि सत्र के दौरान वित्तीय और सरकारी मामलों से संबंधित कार्य किए जाएंगे।'' वहीं, दावा किया जा रहा है कि सरकार इस सदन में कोई बड़ा विधेयक भी ला सकती है। हालांकि इसके बारे में जानकारी नहीं दी गई है।

## नेशनल हेराल्ड केस : सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर

नई दिल्ली। नेशनल हेराल्ड मामले ने एक बार फिर राजनीतिक हलचल मचा दी है. दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और उनके बेटे राहुल गांधी के खिलाफ नई एफआईआर दर्ज कर ली है. इसमें आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और विश्वासघात जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं. श्वष्ठ ने 9 अप्रैल,2025 को सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और डोटेक्स के प्रमोटर के खिलाफ नेशनल हेराल्ड/एसोसिएटेड जर्नल्स प्राइवेट लिमिटेड (एजेएल) से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक चार्जशीट दायर की थी. चार्जशीट में आरोपी सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सुमन दुबे, सैम पित्रोदा, मेसर्स यंग इंडियन, मेसर्स डोटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड, सुनील भंडारी को बनाया है।



### कोर्ट के आदेश से शुरू हुआ विवाद, ईडी ने दायर की चार्जशीट

ये मामला 26 जून 2014 को पटियाला हाउस कोर्ट के मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट द्वारा लिए गए आदेश से शुरू हुआ था. दरअसल, 2013 में सुब्रमण्यम स्वामी ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मोतीलाल वोरा, ऑस्कर फर्नांडिस, सैम पित्रोदा, सुमन दुबे और मेसर्स यंग इंडियन के खिलाफ एक शिकायत दर्ज कराई थी. इडी ने 9 अप्रैल 2025 को पीएमएलए के तहत मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में चार्जशीट दायर की. इसमें कथित तौर पर ?5000 करोड़ से अधिक के बाजार मूल्य की अपराध की आय शामिल है, जबकि कुल अपराध की आय रु. 2000 करोड़ बताई गई है.

### 2000 करोड़ की संपत्ति हड़पने का आरोप

2010 में एजेएल (एक गैर-सूचीबद्ध सार्वजनिक कंपनी), यंग इंडियन के प्रमुख अधिकारियों और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रमुख पदाधिकारियों पर 2000 करोड़ (लगभग) की एजेएल की संपत्तियों को हड़पने की आपराधिक साजिश रचने का आरोप है. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## नेशनल हेराल्ड केस पूरी तरह से निराधर-जयराम रमेश

नई दिल्ली। कांग्रेस ने नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर दर्ज हुई एफआईआर का कड़ा विरोध किया है। पार्टी का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह मिलकर कांग्रेस के टॉप नेताओं को लगातार निशाने पर ले रहे हैं। कांग्रेस का आरोप है कि सरकार विपक्ष को डराने-धमकाने और दबाने की राजनीति कर रही है। Also Read - आरबीआई की मौद्रिक नीति कमेटी की बैठक 3-5 दिसंबर को होगी, रेपो रेट को 5.5 प्रतिशत पर रख सकता है बरकरार कांग्रेस का कहना है कि यह सब राजनीति से प्रेरित कार्रवाई है, जिसका मकसद विपक्ष को कमजोर करना है। पार्टी के महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर लिखा, 'मोदी-शाह की जोड़ी कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ लगातार डराने-धमकाने और राजनीतिक प्रतिशोध की राजनीति कर रही है। जो खुद असुरक्षित और भयभीत होते हैं, वही दूसरों को डराने की कोशिश करते हैं। नेशनल हेराल्ड मामला पूरी तरह से झूठा और निराधार है। अंततः न्याय की ही जीत होगी। सत्यमेव जयते!'



## रायपुर में महिला बीएलओ से मारपीट

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में महिला बीएलओ से मारपीट का मामला सामने आया है। एसआईआर का फॉर्म लेने पहुंची एक महिला भड़क गई और बीएलओ के साथ गाली गलौज करने लगी। उसके बाद बात मारपीट पर आ गई। इस दौरान मोहल्लेवाले ने इस घटना का वीडियो बना लिया। जब महिला ने देखा की लोग उसका वीडियो बना रहे हैं तो उसने वीडियो बनाने वालों को भी मारने की कोशिश की।



दरअसल, मामला राजधानी रायपुर के काली माता वार्ड का है। यहां एक महिला ने बीएलओ से मारपीट और गाली-गलौज की है। इस पूरे घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार, महिला बीएलओ से एसआईआर फॉर्म घर पहुंचाने की मांग कर रही थी। फॉर्म मिलने में देरी होने पर महिला ने पहले गाली-गलौज की और फिर मारपीट करने लगी। इस घटना पर स्थानीय लोगों में नाराजगी जताई है। स्थानीय लोगों ने कहा कि महिला का व्यवहार बीएलओ के प्रति खराब था। इस तरह का काम नहीं करना चाहिए। फिलहाल अब तक इस मामले की शिकायत किसी पक्ष से नहीं कराई गई है। बीएलओ के साथ हुई इस घटना को लेकर कर्मचारियों में भी आक्रोश है। वहीं आगे ऐसी घटनाओं को देखते हुए उन्होंने सुरक्षा की मांग की है।

## ऑपरेशन सिंदूर का खौफ, पाकिस्तान ने बॉर्डर इलाकों से 72 आतंकी लॉन्चपैड शिफ्ट किए

जम्मू। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने सीमा के पास मौजूद 72 आतंकवादी लॉन्चपैड्स को गहराई वाले क्षेत्रों में शिफ्ट कर दिया है. बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारियों ने शनिवार को जानकारी दी. बीएसएफ सरकार के आदेश मिलने पर दुश्मन को भारी नुकसान पहुंचाने के लिए तैयार है. हालांकि, मई में चार दिनों के संघर्ष के बाद सेना ने अभी तक कार्रवाई में विराम रखा है.



### गहराई वाले क्षेत्रों में सक्रिय हैं लॉन्चपैड्स

बीएसएफ डीआईजी विक्रम कुंवर ने बताया कि सियालकोट और ज़फरवल के गहराई वाले क्षेत्रों में लगभग 12 लॉन्चपैड्स काम कर रहे हैं, जबकि अन्य क्षेत्रों में 60 लॉन्चपैड्स सक्रिय हैं. उन्होंने कहा कि ये लॉन्चपैड्स स्थायी नहीं होते और आमतौर पर आतंकियों को भारत में घुसाने से पहले ही सक्रिय रहते हैं. अभी सीमा के नजदीक कोई प्रशिक्षण कैंप नहीं है.

### आतंकियों का मिला-जुला समूह

डीआईजी कुंवर ने बताया कि पहले जेएम और एलईटी के लोग अलग-अलग हिस्सों में सक्रिय रहते थे, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकियों को मिलाकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है. इससे किसी भी समूह को मिश्रित तरीके से ट्रेनिंग लेने की सुविधा मिल रही है.

### बीएसएफ हर स्थिति के लिए तैयार

आईजी जम्मू फ्रंटियर शशांक आनंद ने कहा कि अगर सरकार ऑपरेशन सिंदूर को फिर से शुरू करने का आदेश देती है, तो बीएसएफ पूरी तरह तैयार है. उन्होंने कहा कि बीएसएफ ने 1965, 1971, 1999 करगिल और ऑपरेशन सिंदूर जैसे विभिन्न युद्धों में अनुभव हासिल किया है और जरूरत पड़ने पर दुश्मन को पहले से ज्यादा नुकसान पहुंचा सकता है. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 'मन की बात' 128वां एपिसोड : पीएम मोदी का गीता महोत्सव व भारतीय संस्कृति पर संदेश

नई दिल्ली। मन की बात के 128वें एपिसोड में पीएम मोदी ने गीता महोत्सव, वैश्विक गीता प्रस्तुति, भारतीय संस्कृति और द्वितीय विश्व युद्ध में जाम साहब की मानवता पर बात की।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 128वां एपिसोड 30 नवंबर 2025 को प्रसारित हुआ। इस एपिसोड में पीएम मोदी ने भारतीय संस्कृति, भगवद्गीता के वैश्विक प्रभाव और मानवता के प्रति करुणा के उदाहरणों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने हाल ही में हरियाणा के कुरुक्षेत्र में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में शामिल होने को अपने जीवन का सौभाग्य बताया। कुरुक्षेत्र के ब्रह्म सरोवर पर विश्व के कई देशों के लोग एकत्र हुए और गीता से प्रेरणा ग्रहण की। पीएम ने बताया कि 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र स्थित 'महाभारत अनुभव केंद्र' के दर्शन से उन्हें अपार आनंद हुआ। यहां थ्री-डी, लाइट एंड साउंड शो तथा डिजिटल तकनीक के माध्यम से महाभारत युद्ध का जीवंत अनुभव कराया जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने गर्व के साथ उल्लेख किया कि इस महीने सऊदी अरब में पहली बार किसी सार्वजनिक मंच पर भगवद्गीता की प्रस्तुति हुई। यूरोप के लातविया में भी भव्य गीता महोत्सव आयोजित हुआ, जिसमें लातविया, एस्टोनिया, लिथुआनिया और अल्जीरिया के कलाकारों ने भाग लिया। इससे स्पष्ट है कि गीता का संदेश आज विश्व के कोने-कोने में पहुंच रहा है।

पीएम मोदी ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान गुजरात के नवानगर रियासत के महाराजा दिग्विजय सिंह जी (जाम साहब) की मानवता की अनुपम मिसाल को याद किया। जब यूरोप में युद्ध की विभीषिका फैली हुई थी, तब जाम साहब ने सैकड़ों पोलिश यहूदी बच्चों को शरण दी और उनकी देखभाल की। यह कार्य न किसी रणनीति का (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## चुनाव आयोग ने 12 राज्यों में एसआईआर की समय सीमा बढ़ाई

नई दिल्ली । चुनाव आयोग ने 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया की समयसीमा एक सप्ताह बढ़ा दी है। इन 12 राज्यों में एसआईआर अब 11 दिसंबर तक अपडेट किया जा सकता है। वहीं, ड्राफ्ट रोल 16 दिसंबर को जारी होगा। बता दें कि फिलहाल अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, पुडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में एसआईआर की प्रक्रिया चल रही है।

चुनाव आयोग ने एसआईआर की पूरी प्रक्रिया की तारीख एक हफ्ते आगे बढ़ा दी है। अब एन्यूमरेशन पीरियड यानी घर-घर सत्यापन 11 दिसंबर तक होगा। पहले इसकी आखिरी तारीख 4 दिसंबर थी। वहीं, ड्राफ्ट रोल 16 दिसंबर को जारी किया जाएगा। इसके बाद 16 दिसंबर से 15 जनवरी, 2026 तक दावे और आपत्तियां दाखिल की जा सकेंगी। 16 दिसंबर से 7 फरवरी, 2026 तक नोटिस पीरियड भी चलेगा। इस दौरान नोटिस जारी करना, उनकी सुनवाई और सत्यापन करना शामिल होगा।

## चक्रवात दित्वाह : तमिलनाडु और पुडुचेरी में रेड अलर्ट, तटीय इलाकों में तूफान का कहर

पुडुचेरी। चक्रवाती तूफान दित्वाह भारत के तटों की ओर बढ़ रहा है, जिससे तमिलनाडु और पुडुचेरी में रेड अलर्ट जारी किया गया है। तूफान के कारण तेज हवाएं और भारी बारिश हो रही है, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। श्रीलंका में भी तूफान ने तबाही मचाई है।



चक्रवाती तूफान दित्वाह भारत के तटों की ओर बढ़ रहा है और मौसम विभाग (आईएमडी) ने तमिलनाडु और पुडुचेरी के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। तूफान के कारण तटीय इलाकों में तेज हवाएं चल रही हैं और भारी बारिश हो रही है, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। चक्रवात दित्वाह बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम में सात किमी प्रति घंटे की गति से उत्तर की ओर बढ़ रहा है। आईएमडी ने चेतावनी जारी की है कि चक्रवाती तूफान तमिलनाडु - पुदुचेरी की तटरेखा के करीब से गुजरेगा। तूफान के कारण कई जगहों पर समुद्री लहरें ऊंची हो गई हैं और

पर्यटकों को समुद्र के पास जाने से रोका जा रहा है। अधिकारियों ने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लोगों से सतर्क रहने और निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया है।झचक्रवात दित्वाह का असर श्रीलंका में भी देखा गया है, जहां भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन के कारण 153 लोगों की मौत हो गई और पांच लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। भारत ने पड़ोसी देश श्रीलंका को इस संकट की घड़ी में मदद करने का फैसला किया है। तमिलनाडु के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश हो रही है, जिससे निचले इलाकों में पानी भर गया है। मंदिरों में भी पानी भर गया है, जिसके कारण श्रद्धालुओं की संख्या घट गई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान उत्तरी तमिलनाडु और पुडुचेरी के तटों के समानांतर तूफान के आगे बढ़ने की संभावना जताई है। अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्रों में बचाव और राहत कार्यों के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने और सरकारी निर्देशों का पालन करने की सलाह दी जा रही है।झआंध्र प्रदेश के नेल्लोर में भी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## प्रधानमंत्री मोदी से सपरिवार मिले मुख्यमंत्री साय, कहा- सत्पुरुषसंसर्गो हि कृतार्थयति जीवनम्



रायपुर (आरएनएस)। 60वें डीजीपी-आईजी कॉन्फ्रेंस में शामिल होने छत्तीसगढ़ आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सपरिवार मुलाकात की. मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया में साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने लिखा सत्पुरुषसंसर्गो हि कृतार्थयति जीवनम। अर्थात सत्पुरुषों का संग जीवन को सार्थक कर देता है.सोशल मीडिया एक्स पर किए पोस्ट में मुख्यमंत्री साय ने लिखा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की हमारे परिवारजनों से हुई मुलाकात जीवन भर याद रहने वाला प्रेरक अनुभव है. अपने व्यस्त कार्यक्रम के बीच जिस आत्मीयता से मोदीजी ने सबका हाल-चाल पूछा, बच्चों से सहज होकर बात की और आशीर्वाद दिया, वह अविस्मरणीय है.उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान परिवार की तीन पीढ़ियों को एक साथ उनके सान्निध्य में बैठने का अवसर मिला, यह हमारे लिए भावुक कर देने वाला क्षण था. इस गरिमामय और आत्मीय भेंट के लिए प्रधानमंत्री जी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं.

CMYK

# निगम ने चलाया बधियाकरण अभियान, 5 माह में 800 आवारा कुत्तों का हुआ बधियाकरण

राजनांदगांव (दावा)। आवारा कुत्तो की बढती संख्या को देखते हुये नगर निगम द्वारा आवारा कुत्तों का बधियाकरण करने अभियान चलाया जा रहा है। आवारा कुत्तों की अधिक संख्या वाले क्षेत्रों तथा शिकायत प्राप्त क्षेत्रों से पकडकर कुत्तों का बधियाकरण किया जा रहा है। निगम के स्ववास्थ्य विभाग की टीम ने जुलाई से अब तक लगभग 5 माह में 800 आवारा कुत्तो का बधियाकरण किया है।



बधियाकरण अभियान के संबंध में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि निगम सीमाक्षेत्र के कई वार्डो में आवारा कुत्तों की संख्या में वृद्धि हुई है, जिससे नागरिकों को कुत्ता काटने जैसी अप्रिय स्थिति का सामना करना पड़ा तथा कुत्तो की झुड से लोगो में भय जैसी स्थिति निर्मित हो रही है। जिसकी शिकायत आम लोगो के द्वारा की जा रही थी, जिसे ध्यान में रखकर महापौर श्री मधुसूदन यादव के निर्देश पर नगर निगम द्वारा आवारा कुत्तो का बधियाकरण करने प्रक्रिया की गयी और प्रक्रिया उपरांत हरियाणा के नैन, फाउण्डेशन सर्विसेस को आवारा कुत्तो का बधियाकरण करने विधिवत कार्यादेश दिया गया।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि नैन फाउण्डेशन सर्विसेस द्वारा आवारा कुत्तो का बधियाकरण के तहत लगभग 5 माह में निगम सीमाक्षेत्र के वार्डो में कुत्तो के अधिक संख्या वाले क्षेत्रो से तथा कुत्तो के झुड के द्वारा काटने की शिकायत के आधार पर लगभग 800 आवारा कुत्तो का बधियाकरण किया गया। वर्तमान में 1000 कुत्तों का बधियाकरण करने संबंधित संस्था को पुनः कार्यादेश जारी किया गया है।

उन्होंने बताया कि बधियाकरण कार्य स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन एवं स्वच्छता निरीक्षको के देख रेख में वार्डो में किया जा रहा है। उन्होने नागरिको से अपील करते हुये कहा है कि यदि उनके क्षेत्र में अत्यधिक आवारा कुत्ते हो तो वे नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग मे सम्पर्क कर जानकारी दे सकते है, ताकि आवारा कुत्तो का बधियाकरण किया जा सके।

# भगवान शिव जी की महाआरती के साथ शिव अमृतवाणी एवं राजयोग शिविर का शुभारंभ

राजनांदगांव (दावा)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, वरदान भवन लालबाग द्वारा 28 नवम्बर शुक्रवार को बजरंगपुर-नवागांव वार्ड क्रमांक 2 में संजय ट्रेडर्स के पीछे, शारदा पब्लिक स्कूल प्रांगण में शिव अमृतवाणी एवं राजयोग शिविर का शुभारंभ सत्यम् शिवम् सुन्दरम् परमात्मा शिव की भव्य महाआरती के साथ किया गया।



कार्यक्रम की मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी ने परमपिता परमात्मा शिव की अमृत वाणी सुनाते हुए कहा कि दुनिया की प्रत्येक आत्मा को ज्ञान, सुख, शांति, प्रेम, आनंद, पवित्रता एवं शक्ति की आवश्यकता होती है और राजयोग हमें यह दिव्य अनुभूति प्रदान करता है। लोकप्रिय महापौर भ्राता मधुसूदन यादव ने भगवान शिव की महाआरती कर शिविर का शुभारंभ किया।

उन्होंने वार्डवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपके वार्ड में इतना श्रेष्ठ आध्यात्मिक आयोजन होना सौभाग्य की बात है। सभी नागरिकों को इसका अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने ब्रह्माकुमारीज़ संस्था को इस सार्थक आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।

वार्ड पार्षद भ्राता सावन वर्मा ने भी अपनी शुभकामनाएँ देते हुए सभी से प्रतिदिन शिविर में उपस्थित होकर सत्संग श्रवण करने की अपील की। ज्ञातव्य है कि यह शिविर 4 दिसंबर, गुरुवार तक आयोजित किया जाएगा। शिविर का समय प्रतिदिन शाम 7 बजे से 8 बजे तक रखा गया है। इस अवसर पर पार्षद भ्राता मनोहर यादव, भ्राता परमानंद साहू, भ्राता राजेश सिन्हा, भ्राता परसराम सिन्हा, श्रीमती लोमन बाई सिन्हा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना तहत वरिष्ठजनों को करायी जाएगी यात्रा

राजनांदगांव (दावा)।श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना के तहत जिले के 55 वर्ष से अधिक और 75 वर्ष से कम उम्र के 91 वरिष्ठजनों को 18 दिसम्बर से 21 दिसम्बर 2025 तक अयोध्या धाम की यात्रा करायी जाएगी। यात्रा के संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय समाज कल्याण विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

### सीड हब दलहन योजना



राजनांदगांव (दावा)। कृषक रत्न पुरस्कार राज्य अलंकरण से सम्मानित डोंगरगढ़ विकाखंड के ग्राम पारागांव खुर्द के किसान एनेश्वर वर्मा द्वारा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर, कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव सीड हब दलहन योजना अंतर्गत 7 एकड़ में बीज उत्पादन कार्यक्रम के तहत अरहर किस्म के छत्तीसगढ़ अरहर 2 (सावित्री) लिया गया है। खरीफ -2025 परिक्षेत्र भ्रमण के तहत कृषि विज्ञान केन्द्र से वैज्ञानिक अतुल डांगे एवं छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम राजनांदगांव से डॉ.नीरज टोपो द्वारा इसका निरीक्षण किया गया।

### ब्लड डोनेशन कैंप में 45 यूनिट रक्त संग्रह




राजनांदगांव (दावा)। महेश्वरी भवन में आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 45 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। यह शिविर तेजल फायनेशियल सर्विसेस के पार्टनर अंशुल मालू के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

समाजसेवा और मानवता के इस उद्देश्य से आयोजित कैंप में बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर में शुगर टेस्ट, बीपी टेस्ट, हाइट-वेट चेकअप जैसी स्वास्थ्य सेवाएँ भी निःशुल्क प्रदान की गई।

आयोजक अंशुल मालू ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान एक महादान है और समाज की भलाई के लिए ऐसे कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाएंगे। यह रक्तदान शिविर पूर्ण रूप से सुरक्षित, व्यवस्थित और अत्यंत सफल रहा। नांदगांव ब्लड बैंक के फनेन्द्र जैन एवं उनकी टीम का विशेष सहयोग रहा। उक्त जानकारी भूपेन्द्र कुमार चंद्राकर ने दी।

# राजीव दीक्षित मंच ने जयंती व पुण्यतिथि पर राजीवभाई को याद किया

राजनांदगांव (दावा)। मैं भारत को भारत की भारतीयता के आधार पर फिर से खड़ा करना चाहता हूं, और उस काम में लगा हुआ हूं। उपरोक्त कथन से अपना परिचय देने वाले स्वदेशी की अवधारणा को अपने में समाहित कर लेने वाले आजादी बचाओ आन्दोलन के प्रखर व मुखर वक्ता भाई राजीव दीक्षित जी की पुण्यतिथि व जन्मतिथि के अवसर पर राजीव दीक्षित मंच-छत्तीसगढ़ ने स्वदेशी विचार संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



माता-पिता श्रीमती मिथिलेश कुमारी, राधेश्याम दीक्षित के घर पर उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में 30 नवम्बर, 1967 जन्म लिए राजीव जी की मृत्यु 30 नवम्बर, 2010 को तिरालीस वर्ष की अवस्था में छत्तीसगढ़ प्रदेश के भिलाई नगर में हुई थी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर से एम टेक की शिक्षा प्राप्त करने उपरांत वे स्वदेशी की विचारधारा से प्रेरित हुए तथा राष्ट्र हित में विभिन्न आंदोलनों के सूत्रधार हुए। स्वदेशी का अलख जगाने उन्होंने पूरे देशभर की यात्राएं कर संपर्क अभियान चलाया। काफी समय पूर्व साहित्यिक तपोभूमि नगरी राजनांदगांव के जैन-बगीचा में भी वे अपने आख्यान हेतु आमंत्रित हुए हैं। यह उनकी सत्तावनवी जयंती तथा पंद्रहवीं पुण्यतिथि है।

मंच के संस्थापक अध्यक्ष आनंद कुमार श्रीवास्तव ने उक्ताशय की जानकारी देते हुए कहा कि स्थानीय लेबर कालोनी के सामुदायिक भवन के हाल में संपन्न इस कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने भाई राजीव दीक्षित जी के तैल चित्र पर तिलक व माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वक्तागण आरपी श्रीवास्तव समाजसेवी, राकेश कुमार सोनी छात्र-पंचगव्य चिकित्सा, बसंत साहू ट्रेड यूनियन लीडर आदि ने भी भाई राजीव दीक्षित जी के राष्ट्रहित में अवदानों को कृतज्ञ भाव से याद करते हुए अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम के आयोजन में स्नेहिल सहयोग प्रदान करने हेतु वार्ड पार्षद संतोष पिल्ले, पूर्व पार्षद लालबाग व समाजसेवी गुरमुख सिंह वाधवा, रमेश कुमार अवचट किराना स्टोर, नरेश कुमार श्रीवास्तव, संजीव श्रीवास्तव, जयशंकर श्रीवास्तव, अखिलेश श्रीवास्तव आदि सहित सभी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोगियों का राजीव दीक्षित मंच-छत्तीसगढ़ ने कृतज्ञतापूर्वक आभार व्यक्त किया।

# स्वास्थ्य एवं फिटनेस के प्रति जागरूकता लाने मीडिया प्रतिनिधियों के लिए फिट इंडिया संडे सायकल रैली का हुआ आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा स्वास्थ्य एवं फिटनेस के प्रति जागरूकता लाने के लिए आज दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में सुबह मीडिया प्रतिनिधियों के लिए फिट इंडिया संडे सायकल रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रभारी सह मुख्य वॉलीबॉल कोच केसी त्रिपाठी ने बताया कि भारत सरकार खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार प्रति रविवार लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए पूरे भारत में फिट इंडिया सायकल रैली का आयोजन किया जाता है। जिसमें आज मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा फिट इंडिया संडे ऑन सायकल रैली का आयोजन किया गया।



**फिटनेस की डोज आधा घंटा रोज का दिया गया संदेश**

संयुक्त संचालक डॉ. उषा किरण बड़ाईक, प्रेस क्लब के अध्यक्ष सचिन अग्रहरि, कोषाध्यक्ष बसंत शर्मा द्वारा मीडिया प्रतिनिधियों को फिट इंडिया संडे सायकल रैली कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ब्यूरो चीफ दैनिक सुबह का प्रहरी अंकालू साहू ने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रतिदिन सायकल चलाना चाहिए।

इस दौरान प्रदीप शर्मा ने मंच का संचालन किया। फिटनेस की डोज आधा घंटा रोज का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मीडिया प्रतिनिधियों के अतिरिक्त सांई ट्रेनिंग सेंटर के खिलाड़ी एवं स्टाफ सुकदेव राउत, मुन्नालाल जायसवाल, अर्चना देवी चौधरी, वीरेंद्र सिन्हा, लेखराम देवांगन, जय हिंद निषाद, कुमारू राम पटेल एवं राधा राजपूत उपस्थित थे।

# ग्रामीण क्षेत्र में अशांति फैलाने वाला आरोपी पकड़ाया

राजनांदगांव (दावा)। लालबाग पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के ग्रामीण इलाके में अशांति फैलाने वाले आरोपी को धर दबोचा है और उसके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है।



लालबाग थाना प्रभारी राजेश कुमार साहू ने पुलिस के गिरफ्त में आए आरोपी का नाम रूपलाल जगनीक पिता स्व. विसालिक राम उम्र 52 साल निवासी ग्राम कोटरासरार बताया है।

थाना प्रभारी श्री साहू ने बताया कि रविवार 30 नवंबर को ग्रामीण क्षेत्र में अशांति फेलाने वाले आरोपी को गिरफतार किया गया है। उक्त के संबंध में मोबाईल से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक व्यक्ति ग्राम कोटरासरार में लडाई झगडा कर विवाद कर रहे है। इस पर हमराह स्टाप के मौके पर पहुंचकर आरोपी रूपलाल जगनीक द्वारा आवेदिका सुमित्रा बाई को मेरे खिलाफ पुलिस को झूठी शिकायत किये हो, मै तुम लोगों को नही छोडूंगा, देख लूंगा कहकर हल्लाकर रहा था। इससे आसपास के लोगो इकट्ठा हो गये और रुपलाल को समझाने का प्रयास किया गया किन्तु उसके द्वारा और अधिक उत्तेजित होकर गाली गलौज कर वाद विवाद मारपीट करने पर उतारू हो गया था। जिसे धारा 170 बी.एन.एस.एस. के तहत गिरफ्तार करने के अलावा कोई विकल्प नही होने से रुपलाल को गिरफ्तार किया गया तथा शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अनावेदक के विरूद्ध धारा 170/126, 135(3) बी.एन.एस.एस. के तहत कार्यवाही कर अनुविभागीय दण्डाधिकारी के समक्ष पेश किया गया।

## दंतेवाड़ा में 27 इनामी सहित 37 माओवादियों ने किया सरेंडर

दंतेवाड़ा। बस्तर संभाग में चल रही 'पूना मारगेम (पुनर्वास से पुनर्जीवन)' पहल लगातार सकारात्मक परिणाम आ रहा है। इसके प्रभाव से आज फिर एक बड़ी सफलता मिली, जब 65 लाख के 27 इनामी सहित कुल 37 माओवादियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया। दंतेवाड़ा डीआरजी कार्यालय में आयोजित आत्मसमर्पण कार्यक्रम में सभी माओवादियों ने अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण की इच्छा जताई।आज आत्मसमर्पित 37 माओवादियों में 27 ईनामी शामिल हैं, जिन पर कुल 65 लाख रुपये का इनाम था। आत्मसमर्पण करने वालों में गंभीर नक्सली घटनाओं में शामिल कैडर भी हैं, जिनमें कंपनी, एरिया कमेटी और विभिन्न प्लाटून के सदस्य शामिल हैं।

## सोमनी पुलिस ने 20 पौवा शोले देशी प्लेन शराब एवं एक मोटर साइकिल जब्त




राजनांदगांव (दावा)। सोमनी पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में अवैध शराब परिवहन करने वाले आरोपी को धर दबोचा है। पुलिस ने आरोपी के पास से 20 पौवा शोले देशी प्लैन शराब व परिवहन में उपयोग आने वाले एक मोटर सायकल को जब्त किया है।

सोमनी थाना प्रभारी अरुण कुमार नामदेव ने बताया कि अवैध रूप से शराब परिवहन करने वाले लालाराम साहू पिता बिसौहा राम साहू उम्र 40 साल निवासी ग्राम नवागांव थाना सोमनी को पकडा गया। आरोपी के कब्जे से 20 पौवा शोले देशी प्लेन शराब 3.6 लीटर, कीमती 1600 रु., एक मो0सा0 टीवीएस एक्सेल क्रमांक सीजी-08/एन 2596 कीमती 10,000 रु. कुल कीमती 10600 को जप्त किया गया। आरोपी का कृत्य धारा 34(1) आबकारी एक्ट का पाये जाने से अपराध धारा सदर का कायम कर कार्यवाही करते हुए पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्वाही किया गया।

# खेल के क्षेत्र में युगांतर के विद्यार्थी भारत में छाए हुए हैं- डॉ.राघव वर्मा

राजनांदगाँव (दावा)। युगांतर पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल दिवस का समारोह डॉ. राघव वर्मा डायरेक्टर संजीवनी नर्सिंग होम, हार्टकेयर हॉस्पीटल तथा डॉ. शिरीष गोयल डायरेक्टर आशा डेंटल क्लीनिक के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर डॉ. राघव वर्मा ने कहा कि खेल के क्षेत्र में युगांतर के विद्यार्थी छत्तीसगढ़ के साथ-साथ पूरे भारत में छाए हुए हैं। इसका श्रेय यहाँ के प्रबंधन के साथ-साथ पूरे स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट को जाता है। प्रबंधन और स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट के अथक मेहनत की बदौलत ही युगांतर का परचम अबाध गति से आकाश में लहरा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि खेल विद्यार्थी को अनुशासन के साथ-साथ जीवन जीने की कला सिखाता है। विद्यार्थियों को सदा आत्म-विश्वास से परिपूर्ण रहना चाहिए। आत्म-विश्वास ही सफलता प्राप्त करने की चाबी है, इसलिए उन्हें कभी भी इसका दामन नहीं छोड़ना चाहिए। इसी तरह के विचार प्रकट करते हुए डॉ शिरीष गोयल ने कहा कि विद्यार्थियों को सदा अनुशासित और फिट रहना चाहिए। विद्यार्थी का कुशल स्वास्थ्य ही उसे प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाता है। विगत 19 नवंबर से जारी विविध खेल गतिविधियों का समापन हर्षोल्लास से हुआ। इस दौरान सत्यम, शिवम, सुंदरम, मधुरम हाउस के विद्यार्थियों के बीच 100 मीटर तथा 400 मीटर रिले रेस हुई। प्री प्राइमरी और प्राइमरी विभाग के विद्यार्थियों के बीच भी बेहतरीन रनिंग इवेंट्स हुए, जिसमें अंब्रेला रेस, अल्फाबेट रेस, डक रेस, बनी रेस, ऑबस्टेकल रेस ने खूब वाह-वाही बटोरी। इसी तरह गर्ल्स एण्ड ब्वॉय मिक्स बैलेन्स इट टू विनिट रेस, हनी बी बज टू द फिनिश रेस, द साइलेंट हीरो स्प्रिट चार्ली रेस, केमल रेस, गर्ल्स हूप एण्ड स्कूप रेस, ब्वॉय स्टीपल चेस रेस ने भी तालियाँ बटोरी। पेरेंट्स इवेंट्स ने अपनी मधुरिमा बिखेरने में सफल रहे। मदर्स के रनिंग इवेंट्स में प्रथम विधि बेलावाला, द्वितीय जहाबिया अली, तृतीय संजना जैन तथा फादर्स के रनिंग इवेंट्स में प्रथम संग्राम निषाद, द्वितीय याकूब अली, तृतीय नवीन तिवारी रहे। यही नहीं विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट, पी टी ड्रिल तथा खेलकूद से परिपूर्ण नृत्य व संगीत की प्रस्तुतियाँ भी हुई। समारोह में राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी मशाल को हाथ में लेकर विशालकाय ग्राउंड की परिक्रमा किया। गणमान्य अतिथियों ने खुली जीप में परेड स्थल का भ्रमण करते हुए देश के नौनिहालों का सैल्यूट करते हुए अभिवादन किया। विद्यार्थियों ने खिलाड़ी भावना से जुड़ी शपथ लेकर अपनी प्रभावी खिलाड़ी भावना को प्रकट किया। पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह के निर्देशन में स्पोर्ट्स सेक्रेटरी सायली कोठारी ने वार्षिक खेल प्रतिवेदन को प्रस्तुत किया, जिसमें जिला, जोनल,राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर विद्यार्थियों की उपलब्धियों का उल्लेख किया गया। इसी तारतम्य में विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर ने खेल के क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने वाले विजेता हाउस की घोषणा भी की । इस वर्ष सत्यम हाउस विजेता तथा सुंदरम हाउस उप विजेता रहा । कक्षा पहली से तीसरी तक के वर्ग में बेस्ट स्पोर्ट्स ब्वॉय आरव सिंहा ,बेस्ट स्पोर्ट्स गर्ल आइजा नजूल हसन तथा कक्षा चौथी से पाँचवी तक के वर्ग में बेस्ट स्पोर्ट्स ब्वॉय कुलदीप सिंग, बेस्ट स्पोर्ट्स गर्ल कनिषा डाकलिया रहे। कक्षा 6 वीं से 8 वीं तक के वर्ग में बेस्ट स्पोर्ट्स ब्वॉय नवीन कुमार शार्दुल, बेस्ट स्पोर्ट्स गर्ल जोया खान तथा कक्षा 9वीं से 12 वीं तक के वर्ग में बेस्ट स्पोर्ट्स ब्वॉय मनीष कुमार, बेस्ट स्पोर्ट्स गर्ल साइना खान रहे। इस दौरान विद्यालय के निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी ने कहा कि खेलों के क्षेत्र में उत्कृष्टता तथा सांस्कृतिक विशिष्टता के कारण राजनांदगाँव का नाम पूरे विश्व में विख्यात है। युगांतर भी राजनांदगाँव की इसी परंपरा को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। यहाँ के विद्यार्थी बास्केटबॉल के क्षेत्र में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की पहचान बना चुके हैं। विद्यालय की टीम ने कई बार सीबीएसई नेशनल चैम्पियनशिप का खिताब भी जीती है।



**युगांतर में वार्षिक खेल दिवस का शानदार समापन**

इस दौरान गणमान्य अतिथियों द्वारा विद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थी डॉ आँचल सदानी तथा डॉ राज लड्ढा का सम्मान भी किया गया। डॉ आँचल सदानी ने कहा कि युगांतर की यादें अविस्मरणीय हैं। यहाँ विद्यार्थियों के कॅरियर निर्माण के लिए यथोचित प्लेटफार्म उपलब्ध कराया जाता है। इस दौरान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए विद्यालय के चेयरमैन अजय सिंगी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) नरेंद्र कोटड़िया, विनोद सदानी, राजकुमार अग्रवाल, हैड मिस्ट्रेस विनिता तिलवानी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण तथा उनके पालकगण उपस्थित रहे।

इस आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य के मार्गदर्शन में फिजिकल एजुकेशन की शिक्षिका वंदना सिंह सहित स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, संगीत, आर्ट, डांस, सत्यम, शिवम, सुंदरम, मधुरम हाउस के शिक्षक-शिक्षिकाओं, मेस और ट्रांसपोर्ट विभाग ने अमूल्य योगदान दिया। समारोह का संचालन अंग्रेजी विभागाध्यक्ष कंचन सोहल के मार्गदर्शन में गीतिका गोलछा, दिशा डोंगरे, गौरव ठाकुर, वर्षा, मोहम्मद आसिफ हुसैन ने किया। मार्च पास्ट का संचालन हिंदी विभागाध्यक्ष वी.एन राय ने किया। समारोह के अंत में धन्यवाद ज्ञापन स्पोर्ट्स सेक्रेटरी कृष्णा मेघानी ने किया। राष्ट्र-गान से समारोह की समाप्ति हुई।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेल




गैंग्स ऑफ रायपुर
शिल वर्मा, प्रियंका शर्मा, पुस्पेन्द्र सिंह, अकांक्षा परिहार
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

SILVER SCREEN MULTIPLEX
28th Nov to 04th Dec 2025



Tere Ishk Mein - 12:00, 12:30, 03:00, 03:30, 06:00, 09:00, 09:15 and 09:30 pm
Zootopia 2 - 06:30 pm
Gangs Of Raipur - 12:15 pm
De De Pyaar De 2 - 06:15 pm
Masti 4 - 03:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G)
Only For Enquiry 8085600200

# ठंड फिर से दिखाने लगा असर, रात के तापमान में गिरावट



राजनांदगांव (दावा)। पिछले सप्ताह भर तक ठंड में आई कमी के बाद सर्दी के मौसम ने फिर से अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। गुरुवार की शाम सर्दी का सितम फिर से महसूस किया गया । लोगों को अचानक बढ़ी ठंड के कारण अलाव तापने मजबूर होने पड़े।

मौसम वैज्ञानिक एच पी चंद्रा ने बताया कि प्रदेश में ठंड का कहर एक बार फिर से बढ़ने जा रहा है। उत्तरी ठंडी हवाओं के चलते अंचल में तीन डिग्री तक तापमान मे कमी आ सकती है। उन्होंने बताया की रात के साथ दिन का भी तापमान भी नीचे आएगा। गुरवार को अंचल का तापमान 26 डिग्री व न्यूनतम तापमान 15 डिग्री पर रहा।

अंचल में बढ़ रही ठंड को रबी फसलों के लिए अनुकूल बताया जा रहा है। कृषि विकास विस्तार अधिकारी सुषमा शुक्ला की मानें तो वर्तमान में बढ़ रही ठंड रबी फसलों के लिए अनुकूल है। वातावरण में बनी अनुकूलता के चलते रबी फसलों की तैयारियां तेज हो गई है। किसान धान की कटाई-मिसाई के बाद दलहन-तिलहन की बोआई में लग गए हैं।

- सेहत पर दिखने लगा प्रभाव, सर्दी-जुकाम बुखार की बढ़ी शिकायते
- रबी फसलों के लिए अनुकूल बताया जा रहा यह ठंड

### स्वास्थ्य पर दिखने लगा विपरीत असर

तापमान में कमी आते ही स्वास्थ्य पर इसका विपरीत असर देखने को मिल रहा है। लोग सर्दी जुकाम, खांसी सिरदर्द, बुखार आदि से पीड़ित होने लगे हैं। इधर स्वास्थ्य विभाग ने भी लोगों को सुझाव दिया है कि ठंड से बच कर रहें। गर्म कपड़ों व गर्म चीजों का सेवन करें।

बता दें कि ठंड के फिर से बढ़ने से खासकर छोटे बच्चे व बुजुर्ग जन इसकी चपेट में आने लगे हैं। बच्चों व बुजुर्गो को वायरल तेजी से अपनी चपेट में ले रहा है। गले में खराश से लेकर सर्दी जुकाम के अलावा हाथ-पैर में दर्द व बुखार की शिकायत बढ़ गई है। शासकीय हास्पीटल व निजी चिकित्सकों के यहां सर्दी जुकाम के मरीजों के अलावा वायरल फीवर के मरीज बड़ी संख्या में दिखने लगे है।

### तापमान में 3 डिग्री की हो सकती है गिरावट

लालपुर मौसम केंद्र रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार एक-दो दिनों के भीतर 2 से 3 डिग्री तक पारा गिर सकता है। वहीं प्रदेश के उत्तरी इलाकों में शीत लहर की स्थिति भी बन सकती है। हालांकि की मौसम विभाग द्वारा अविभाजित राजनांदगांव जिले में अभी शीत लहर की संभावना नहीं जताई गई है, लेकिन ठंड ने अपना जोर दिखाना शुरू कर दिया है। अंचल में मौसम में हो रहे लगातार उतार-चढ़ाव के बीच जिले का स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट हो गया है। शहर के हार्ट स्पेशलिस्ट डॉ. प्रकाश खूंटे ने सर्दी के मौसम को दिल के मरीजो के लिए सावधानी रखने वाला बताया है। दैनिक दावा ने इस संबंध में प्रमुखता समाचार का प्रकाशन किया था। डाक्टरों का कहना है कि सर्दी के सीजन में तापमान में उतार चढाव बने रहने से हाइपोथर्मिया, सर्दी जुकाम और वायरल फीवर का खतरा बना रहता है। ऐसे मौसम में मलेरिया फैलने का भी खतरा रहता है। इससे बचने अपने खान-पान में सुधार के साथ ही विशेषज्ञो की सलाह पर उचित दवाइ लें। जिससे वायरल से राहत मिल पाए। शीत लहर के दौरान अनावश्यक बाहर न निकले। बेहद जरूरी हो तभी गर्म कपड़ों का उपयोग करते हुए यात्रा करें।

# संभाग स्तरीय युवा संसद में राजनांदगांव टीम उपविजेता



### आरती सिंह सर्वश्रेष्ठ प्रधानमंत्री व रागिनी कोसरे सर्वश्रेष्ठ वित्त मंत्री चुनी गई

राजनांदगांव (दावा)। दुर्ग 29 नवंबर, शनिवार को आयोजित संभाग स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम में राजनांदगांव की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में कुल सात जिलों की टीमों ने भाग लिया। राजनांदगांव की ओर से महारानी लक्ष्मीबाई आदर्श शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की 50 छात्राओं एवं ठाकुर प्यारेलाल विद्यालय के चार छात्रों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति से आरती सिंह ने सर्वश्रेष्ठ प्रधानमंत्री रागिनी कोसरे ने सर्वश्रेष्ठ वित्त मंत्री का व्यक्तिगत पुरस्कार प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के पूर्व प्राचार्य चैतराम वर्मा का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम की स्क्रिप्ट डॉ. खिलेश्वरी साव (व्याख्याता) द्वारा तैयार की गई। पूरे आयोजन के दौरान जिला समन्वयक सुश्री शोभा श्रीवास्तव, डॉ. खिलेश्वरी साव, श्रीमती संगीता राव, श्रीमती कामिनी साहू, श्रीमती लता रामटेक तथा रामकुमार सलामे द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया। संस्था के प्राचार्य ने उपविजेता टीम, सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगी शिक्षकों को बधाई देते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# समिति प्रबंधक एवं डाटा एण्ट्री ऑपरेटर ईमानदारी एवं टीम भावना के साथ करें कार्य - कलेक्टर



- उत्कृष्ट कार्य करने वाले समिति प्रबंधक एवं डाटा एण्ट्री ऑपरेटर को किया जाएगा सम्मानित
- कोचियों एवं बिचौलियों पर शिकंजा कसने के लिए सभी सक्रियता के साथ करें कार्य
- हल्की बारिश के दृष्टिगत समितियों में धान के सुरक्षित रख-रखाव के लिए कैप कव्हर, ड्रेनेज एवं अन्य व्यवस्था करने के दिए निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में धान खरीदी के मद्देनजर जिले के सभी समिति प्रबंधकों एवं डाटा एण्ट्री ऑपरेटरों की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि सभी समिति प्रबंधक एवं डाटा एण्ट्री ऑपरेटर ईमानदारी एवं टीम भावना के साथ कार्य करें। कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले समिति प्रबंधक एवं डाटा एण्ट्री ऑपरेटर को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने संवेदनशील एवं अति संवेदनशील समितियों में रकबा समर्पण की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिन समितियों में धान की आवक को देखते हुए बफर लिमिट बढ़ाई गई है, वहां आधिपत्य लेकर धान रखने के लिए सुरक्षित स्थान रखें। हल्की बारिश के दृष्टिगत समितियों में धान के सुरक्षित रख-रखाव के लिए कैप कव्हर, ड्रेनेज एवं अन्य व्यवस्था करने के लिए कहा। कलेक्टर ने कहा कि कोचियों एवं बिचौलियों पर शिकंजा कसने के लिए सभी सक्रियता के साथ कार्य करें। धान उपार्जन केन्द्रों में अवैध धान परिवहन को रोकने के लिए कोचियों एवं बिचौलियों से सर्तक रहे एवं निगरानी रखें। कलेक्टर ने कहा कि धान का सत्यापन शीघ्र ही प्रारंभ हो जाएगा, इसे ध्यान में रखते हुए सजगता के साथ कार्य करें। शासन की प्राथमिकता के अनुरूप शुद्ध धान खरीदी का कार्य प्राथमिकता से करें।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कहा कि कोचियों एवं बिचौलियों की जानकारी मिलने पर एसडीएम को तत्काल सूचित करें। सभी अपनी ड्यूटी पर प्रतिबद्धतापूर्वक तैनात रहे। उन्होंने संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील समितियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों को धान बिक्री करने में किसी भी तरह की दिक्कत नहीं होनी चाहिए, इसका विशेष ध्यान रखें। अपर कलेक्टर श्री प्रेम प्रकाश शर्मा ने बताया कि अवैध धान परिवहन करने वालों पर भारतीय न्याय संहिता के धारा 318 (4) के तहत धोखाखड़ी के तहत जुर्म दर्ज होगा। अवैध धान परिवहन करने वाले कोचियों एवं बिचौलियों एवं अवैध धान परिवहन में संलिप्त शासकीय कर्मचारियों के संबंध में भारतीय न्याय संहिता अंतर्गत की जाने वाली कार्रवाई की विधिक जानकारी प्रदान की। इस दौरान खाद्य अधिकारी रविन्द्र सोनी, डीएमओ श्रीमती हीना खान, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव सुधीर सोनी, एसडीएम डोंगरगढ़ एम. भार्गव, एसडीएम राजनांदगांव गौतमचंद पाटिल, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोराम सहित समिति प्रबंधक एवं डाटा एण्ट्री ऑपरेटर उपस्थित थे।

# लोहिया पेपर के नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में उमड़ी भीड़




रायपुर (दावा)। लोहिया पेपर एंड बोर्ड प्रा.लि. रायपुर एवं श्रीराम पैथोलाजी लैब के संयुक्त तत्वाधान में सीएसआर के अंतर्गत 30 नवम्बर 2025 को सुबह 9.30 बजे से नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर ईरानी बस्ती सडडू रायपुर में सम्पन्न हुआ। जिसमें सीबीसी, ईएसआर, एलएफटी, आरएफटी, लिपीड प्रोफाइल, थायराईड प्रोफाइल बी.पी. शुगर एंड फुलबाडी चेकअप आदि किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि खेमकुमार सेन (पार्षद) सडडू रायपुर और कम्पनी के प्रतिनिधि सुजीत कुमार झा के हाथों हुआ। नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोगों ने नि:शुल्क अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराकर लाभ लिया।

# 5 प्रकरणों में 6 लाख 68 हजार 360 रूपए मूल्य के 215.60 क्विंटल (539 बोरा) अवैध धान जप्त



- अब तक कुल 123 प्रकरणों में 4 करोड़ 85 लाख 87 हजार 726 रूपए मूल्य के 15673.46 क्विंटल ( 39184 बोरा ) अवैध धान एवं 7 वाहन जप्त

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान बिक्री की रोकथाम के लिए कोचियों एवं बिचौलियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। आने वाले समय में कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा अवैध धान की बिक्री करने की पुनरावृत्ति होने एवं संलिप्त पाए जाने पर अपराधिक प्रकरण भी दर्ज किए जा सकते हैं। इसी कड़ी में राजस्व, खाद्य, मंडी विभाग के संयुक्त दल द्वारा आज कुल 5 प्रकरणों में 6 लाख 68 हजार 360 रूपए मूल्य के 215.60 क्विंटल (539 बोरा) अवैध धान जप्त किया गया। इसी तरह खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अब तक कुल 123 प्रकरणों में 4 करोड़ 85 लाख 87 हजार 726 रूपए मूल्य के 15673.46 क्विंटल (39184 बोरा) अवैध धान एवं 7 वाहन जप्त किया गया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार आज राजनांदगांव अनुविभाग में 3 प्रकरण में 5 लाख 75 हजार 360 रूपए मूल्य के 185.60 क्विंटल (464 बोरा) अवैध धान एवं डोंगरगांव अनुविभाग में कुल 2 प्रकरणों में 93 हजार रूपए मूल्य के 30 क्विंटल (75 बोरा) अवैध धान जप्त किया गया है। इसी तरह खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अब तक राजनांदगांव अनुविभाग में कुल 49 प्रकरणों में 2 करोड़ 76 लाख 54 हजार 480 रूपए मूल्य के 8920.80 क्विंटल (22302 बोरा) अवैध धान व 2 वाहन, डोंगरगढ़ अनुविभाग में 36 प्रकरण में 95 लाख 87 हजार 866 रूपए मूल्य के 3092.86 क्विंटल (7732 बोरा) अवैध धान व 2 वाहन तथा डोंगरगांव अनुविभाग में कुल 38 प्रकरणों में 1 करोड़ 13 लाख 45 हजार 380 रूपए मूल्य के 3659.80 क्विंटल (9150 बोरा) अवैध धान एवं 3 वाहन जप्त किया गया है।

जिले में कोचियों एवं बिचौलियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिले के 1500 छोटे एवं बडे मंडी अनुज्ञप्तिधारियों को सूचीबद्ध कर अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार एवं खाद्य व मंडी के अधिकारियों को जांच कर अवैध रूप से भंडारित धान जप्त किए जाने तथा सख्त कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिये गये है। जिले में अंतर्राज्यीय अवैध धान आवक के रोकथाम हेतु जिले में कुल 3 अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट बोरतलाब, पाटेकोहरा एवं कल्लूबंजारी स्थापित किया गया है। जहां पर मंडी, नगर सेना, वन विभाग एवं राजस्व के अधिकारियों द्वारा तीन पालियों में 24 घंटे की ड्यूटी लगाई गई है।

# एसआईआर पुनरीक्षण फार्म भरने हेतु लखोली में लगाई जा रही है सहायता शिविर

## शिविर में अन्य वार्ड के मतदाता भी फार्म भरवाने व 2003 की सूची प्राप्त करने पहुंच रहे है



राजनांदगांव (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम तहत शहर के श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र लखोली वार्ड नंबर 32 में एस आई आर पुनरीक्षण फार्म भरने हेतु सहायता शिविर लगाई जा रही है।इस सहायता शिविर में वार्ड नं0 32 लखोली केअंतर्गत आने वाले मोहल्ले राहुल नगर, विकास नगर, राजीव नगर एवं जनता कालोनी में जगह जगह चौपाल लगाकर बीएलओ द्वारा वितरित गणना पत्रक फार्म को भरने मदद की जा रही है।

वार्ड पार्षद गिरजा संतोष निर्मलकर ने बताया कि इस संबंध में महापौर मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा लगातार बैठक लेकर प्रगति की जानकारी ली जा रही है। उन्होंने संबंधित बुथो के बीएलओ एवं प्रभारियों को कहा कि मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं की सूची तैयार करें। गणना पत्रक फार्म वितरण पश्चात वापसी की संख्या कम है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो इसका विशेष ध्यान रखकर कार्य करें।

पार्षद गिरिजा संतोष निर्मलकर द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए वार्ड के प्रमुख चौक चौराहे पर फार्म भरने हेतु लगातार लगाए जा रहे सहायता शिविर का लोगों का अच्छा लाभ मिल रहा है। शिविर में अन्य वार्ड के मतदाता भी अपने फार्म भरवाने एवं 2003 की सूची प्राप्त करने बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। बता दें कि इस एसआईआर पुनरीक्षण फार्म भरने हेतु लगाए जा रहे सहायता शिविर से मतदाताओं को ज्यादा इंतजार करना नहीं पड़ रहा है और जल्द ही काम पूरा हो जा रहा है। इससे उन्हें राहत मिल रही है।

# राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का हुआ सफल आयोजन

## राम्या निषाद ने क्विज प्रतियोगिता में मारी बाजी



*राजनांदगांव (दावा)। विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और नवाचार की प्रवृत्ति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन बीआरसी भवन राजनांदगांव में किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर जितेंद्र यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरुचि सिंह एवं जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार सिंह बघेल के निर्देशन में किया गया, जिसमें जिले के चयनित बच्चे और शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। कार्यक्रम की रूपरेखा को व्यवस्थित करने में जिला नोडल अधिकारी पी आर झाड़े, बीआरसी भगत सिंह ठाकुर राजनांदगांव ने मिलकर प्रश्नों का चयन और प्रतियोगिता संचालन किया।*

इस जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में प्रारंभिक स्तर कक्षा छठवीं से आठवीं तक प्रतियोगिता में जिले के 4 ब्लॉक से चयनित छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में छात्रों ने विज्ञान, तकनीक और नवाचार से जुड़े विविध प्रश्नों का सामना करते हुए न केवल अपनी बुद्धिमत्ता दिखाई बल्कि, वैज्ञानिक चेतना और नवाचार की दिशा में गहरी रुचि भी प्रदर्शित की डीएमसी सतीश ब्यौहरे ने कहा कि इस प्रतियोगिता ने छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार की सोच को बढ़ावा दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को लगातार सीखने, प्रश्न पूछने और प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रवास कुमार सिंह बघेल ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएँ न केवल विद्यार्थियों में वैज्ञानिक चेतना विकसित करती हैं बल्कि उन्हें नवाचार, टीम वर्क और तार्किक सोच में भी कुशल बनाती हैं।

राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत आयोजित यह जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता छात्रों को वैज्ञानिक ज्ञान और नवाचार की दिशा में प्रेरित करने का एक प्रभावी माध्यम है। यह कार्यक्रम छात्रों में स्वतंत्र सोच, समस्या समाधान की क्षमता और नवाचार के प्रति उत्साह को बढ़ावा देता है। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के जिला नोडल पी.आर. झाड़े ने सभी शिक्षकों कर्मचारियों और पालकों का उनके सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। इस प्रतियोगिता में विकासखंड राजनांदगांव की कुमारी राम्या निषाद ने प्रथम स्थान हासिल किया, विकासखंड डोंगरगढ़ के याशु साहू एवं विकासखंड डोंगरगढ़ से ही लोकेंद्र कुमार वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डीईओ प्रवास कुमार सिंह बघेल, डीएमसी सतीश ब्यौहरे, एडीपीओ रोहित सिन्हा, जिला नोडल पी आर झाड़े, एपीसी गण मो. रफीक अंसारी, आदर्श वासनिक, मनोज मरकाम, बीआरसी भगत सिंह ठाकुर, शिक्षक गण योगेंद्र हठीले ,धर्मेंद्र श्रीवास्तव, निर्भय सिन्हा, खुमान लाल साहू, भोलानाथ वर्मा, रजनी देवी ग्रेवाल, प्रतिभागी बच्चे, शिक्षक-शिक्षिका एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# सीईओ जिला पंचायत ग्राम तिलईवार एवं टप्पा में आयोजित स्वच्छता त्यौहार कार्यक्रम में हुए शामिल


रैली निकालकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम तिलईवार एवं टप्पा में आयोजित स्वच्छता त्यौहार कार्यक्रम में शामिल हुई। कार्यक्रम अंतर्गत ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई।

रैली में स्वच्छता से संबंधित नारे लगाकर ग्रामीणों को प्लास्टिक प्रबंधन हेतु जागरूक किया गया। सीईओ जिला पंचायत ने सुश्री सुरूचि सिंह ने स्वच्छता रैली को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ गांव ही स्वस्थ गांव की आधारशिला है और इसमें प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों को स्वच्छता का महत्व, घरेलू कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, यूजर चार्ज तथा ग्रेवेटर (ठोस एवं तरल कचरा) प्रबंधन सहित अन्य विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता रैली को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ गांव ही स्वस्थ गांव की आधारशिला है और इसमें प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। ग्रामीण अपने घर, गली, मोहल्ले एवं सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखें और स्वच्छ भारत अभियान को जन आंदोलन बनाएं। सीईओ जिला पंचायत ने स्वच्छता दीदीयों से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कार्य के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सरपंच, सचिव, पंचों को स्वच्छता शुल्क संग्रहण कराने तथा समय पर स्वच्छता दीदीयों के पारिश्रमिक का भुगतान सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने ग्रामीणों से प्रतिमाह समय पर स्वच्छता शुल्क देने की अपील की। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद डोंगरगांव, अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, स्वच्छताग्राही दीदी, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## अनमोल दावा

**अपने आपको इतना मजबूत बना लो कि कोई कठिनाई आपके इरादों को गिरा न सके।**

## सम्पादकीय

# नक्सलवाद आई.सी.यू. में, उसके खत्म होने के बाद आदिवासियों का जीवनस्तर सुधरेगा?

केन्द्र के गृहमंत्री अमित शाह का नक्सलवाद को नेस्तनाबुद करने का अभियान युद्धस्तर पर चल रहा है। छत्तीसगढ़, झारखण्ड, आन्ध्र, उड़ीसा और महाराष्ट्र में नक्सलवाद को जड़मूल से खत्म करने की मुहिम सफलता के निकट है। गृहमंत्री ने मार्च 2026 तक देश में नक्सलवाद का खात्मा करने का संकल्प लिया है। इसे लक्ष्य में लेकर पुलिस व सैन्य स्तर पर ग्रहमंत्रालय ने पूरी ताकत झोंक दी है।

सरकार ने हाल ही खूंखार नक्सली हिडमा और उसकी पत्नी सहित अनेक नक्सलियों को मौत के घाट उतारा है। गत दिनों ही छत्तीसगढ़ में 25 लाख के इनामी नक्सली चैतू उर्फ श्याम दादा ने समर्पण किया है। यह खूंखार नक्सली झीरम घाटी में हुए कांग्रेसी नेताओं के संहार का मास्टरमाइंड था। बकौल चैतू कि अब नक्सल संगठन में कुछ नहीं रखा है। उसके साथ दो अन्य नक्सलियों रूपेश और सोनू सहित अन्यों दादा ने भी आत्मसमर्पण कर दिया हे। अभी नक्सलियों को जमींदोज करने का काम तीव्र गति से संजीदगी के साथ चल रहा है, तो दूसरी ओर नक्सलियों का आत्मसमर्पण क्रमबद्ध चल ही रहा है।

अब वैचारिक दृष्टिकोण से यह कि जंगलों में निवासरत-कार्यरत आदिवासियों को उनके अधिकार हक मिलेंगे? यह प्रश्न उपस्थित हुआ है। प्रकृति में उपलब्ध वनोपज व खनिज जंगलों में पाए जाते हैं। जिस पर आदिवासियों का हक है। इन संसाधनों से ही उनकी आजीविका चलती है। कृषि योग्य भूमि में वे फसल भी लेते हैं। छत्तीसगढ़ के बस्तर व अन्य आदिवासी क्षेत्रों में, जंगलों में नक्सलियों का वास्तव में खात्मा हो जाता है, तब सरकार विकास को लक्ष्य में रखकर अपनी योजनाओं को बेरोकटोक संचालित कर सकती है। जिसमें स्वाभाविक रूप से आदिवासियों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जा सकती है। आदिवासियों के उत्कर्ष के मद्देनजर नक्सली समाज की मुख्य धारा में वापस लौटते हैं तो इसे बेहतर ही कहना चाहिए। आदिवासियों का प्राकृतिक संसाधनों पर समान अधिकार है, इसे समझना होगा। वन आच्छादित क्षेत्रों में पक्की सड़कें, सिंचाई के साधन, पानी की उपलब्धिता रहती है। मूलभूत सुविधाओं में बिजली व शिक्षा जरूरी है साथ ही इस तरह के विकास में आदिवासियों के बच्चों का व्यक्तित्व निर्माण होगा। वे शिक्षित होंगे। तभी उनका उज्जवल भविष्य भी घड़ेगा।

नक्सलवाद के अंत होते ही कल-कारखानों उद्योग और अधोसंरचना का विकास होगा, इसमें कोई संदेह नहीं है। आदिवासियों को जमीनों के पट्टे प्रदान कर उन्हें मालिकाना हक भी दिया जाना चाहिए। उन्हें खनिज खदानों निर्माण कार्यों का ठेका भी देना चाहिए। इसके लिए बैंकिंग प्रबंधन के जरिए आर्थिक मदद भी करनी चाहिए। शिक्षीत युवकों को नौकरियां भी प्रदान करनी चाहिए। तभी वाकई में सच्चे अर्थ में उनका उद्धार होगा। नक्सलवाद का उद्देश्य भी इससे खत्म हो जाएगा। गांवों में जागरूकता आएगी।

राज्य सरकारों और समाजों को भी स्थानीय समुदाय के साथ मिलकर विकास को उपयोगी संरचना की दिशा में आगे बढ़ना होगा। आदिवासियों को सुरक्षा उन्हें न्याय प्रदान करने की व्यवस्था से ही सद्भावनापूर्ण उद्देश्य प्राप्त किया जा सकता है। आत्मसमर्पण किए नक्सलियों को भी ऐसा लगना चाहिए कि समाज की मुख्य धारा में जुड़ना उनके लिए श्रेष्ठ साबित हुआ है।

# डीपफेक से जुड़े अपराधों में वृद्धि से हजारों करोड़ों का नुकसान



- सूरज बुद्धदेव -

प्रत्येक वैज्ञानिक अविष्कार का घनात्मक पक्ष है तो ऋणात्मक पक्ष भी है। ए.आई. याने आर्टिफिशयल इन्टेलिजन्स निःसंदेह वर्तमान परिप्रेक्ष में अत्यन्त उपयोगी और अनिवार्य है। किन्तु, इस आधुनिक टेक्नालाजी का दुरूपयोग भी हो रहा है। जो विश्व के लिए जोखिम से भरा हुआ है। ए.आई. को अपराधियों ने अपना हथियार बना लिया है। जिससे अपराध बढ़ रहे हैं और भयावह स्थिति उत्पन्न हुई है।

चंद दिनों पहले ही जहानिसबर्ग के शिखर सम्मेलन में आर्टिफिसियल इन्टेलिजन्स का मुद्दा पूरे विश्व में छाया रहा। तमाम देशों ने संयुक्त रूप से निर्णय लिया कि ए.आई. के प्रदुषण को नेस्तनाबुद करने के लिए काम करना चाहिए। ऐसा उन्होंने एकमत होकर कहा था। भारत ने भी यहां चिन्ता प्रगट की है। ए.आई. हो या अन्य टेक्नालाजी का उपयोग विश्व कल्याण के लिए होना चाहिए। यह केवल पैसा बनाने का साधन नहीं बनना चाहिए।



ए.आई. का दुरूपयोग

भारत की बात करें तो भारत में साइबर क्राइम संबंधित अपराध और ए.आई. द्वारा ठगी करने के जुर्म में बढ़ोतरी हो रही है। साइबर क्राइम करने वाले अब आर्टिफिसियल इन्टेलिजंस का उपयोग बड़ी होशियारी से करते हैं। भारत में 2024 में साइबर क्राइम के कुल 19.18 लाख केस दर्ज हुवे थे। जो पूर्व के वर्ष से बहुत ज्यादा थे। इस दौरान लोगों ने कुल 22,812 करोड़ रूपए गुमा दिए हैं। जो 2023 के आंकड़ों से तीन गुना अधिक हैं। 2023 में साइबर क्राइम में देशवासियों ने 7,496 करोड़ गुमाए थे। किन्तु 2024 का आंकड़ा बहुत भयावह है। इसके सिवाय, भारत में क्रिप्टो करैन्सी पर भी ठगने वालों ने अपना काम किया है। जिसमें काम करने वाले और निवेश करने वाले लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। इसके अलावा, आई.ओ.टी. जैसे साइबर हमलों में भी वृद्धि हुई है जो बहुत चिन्ताजनक है।

हमारे देश में डीपफेक के द्वारा अपराध बढ़े हैं। यहां ए.आई. का उपयोग करके चिन्हित लोगों के सेलेब्स के और अन्य लोगों के चेहरों के द्वारा अथवा तो वीडियो तैयार करके ठगी की जा रही है। इसके अलावा, महिलाओं के डीपफेक बनाकर, उन्हें बदनाम करने और उनके अश्लिल वीडियो वायरल करने का भी गोरखधंधा करते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार 2019 से अभी तक साइबर अपराधों में लगभग 550 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2025 के अंत तक देशवासियों को इन साइबर फ्राड के कारण अनुमानित 70,000 करोड़ रूपयों का नुकसान हो चुका है।

प्रबुद्ध जानकार लोगों का कहना है कि ए.आई. का उपयोग करके साइबर अपराध के आदी हो चुके लोग भी अपने शिकार ढुंढते हैं। वे अधिकांशतः वरिष्ठजनों, बच्चों और महिलाओं को अपना शिकार बनाते हैं। वे बैंकों की नकली लिंक, नकली एप और नकली आनलाईन का विवरण बनाकर यूजर के फोन में वाइरस डाल देते हैं और उनके डाटाज् चोरी कर लेते हैं। इसके अलावा, लोगों के एकाउन्टस में पैसा निकाल लेना, उनके फोटो और वीडियो का दुरूपयोग करना और उनके द्वारा उनके संबंधियों को ठगने का कार्य बड़ी खूबी से करते हैं।

महत्वपूर्ण यह कि आर्टिफिशियल इन्टेलिजन्स ने साइबर अपराध का भी ग्राफ बढ़ा दिया है। वाट्सअप, नकली मेसेज, वाट्सअप चेट, सोशल मीडिया मेसेज या पोस्ट करके ठगी की जाती है। इन मेसेज के साथ लिंक भेजा जाता है। जिसे लोग सच मान लेते हैं और साइबर क्राइम के शिकार बनते हैं। ए.आई. आधारित डीपफेक की मदद से अब लोगों के चेहरे, आवाज और उनके बाडी लेंग्वेज की भी हुबहू नकल कर लेते हैं। चेहरे की तस्वीर असली है या नकली इसका वीडियो में पता ही नहीं चलता। पूरी दूनिया में इस तरह का खेल चल रहा है।

उल्लेखनीय कि, ए.आई. केवल क्लोनिंग या अन्य प्रकार से ठगी करने तक की सीमित नहीं है। ए.आई. की मदद से डाटाज् चोरी, पासवर्ड चोरी भी वृहद पैमाने पर हो रही है। ए.आई. डाटाज् को भी सरलता से समझ लेता है और उसका प्रोसेज भी कर लेता है। पासवर्डस के नम्बर, उसका पेटर्न तथा अल्फाबेट्स की जमावट कर लेता है। यह सारा कार्य बड़ी शीघ्रता से करता है। ए.आई. के द्वारा ही उसके द्वारा किए गए अवांछित कार्यों को छिन्नभिन्न किया जा सकता है।

चिन्ताजनक यह कि अब ए.आई. के मदद से अधिक मजबूत और कठिन साफ्टवेयर बनाया जा रहा है। जो स्वयं ही वस्तुस्थिति को समझकर सिक्युरिटी को तोड़ सकता है। साइबर अपराधी स्मार्ट साफ्टवेयर बनाने लगे हैं, जिसका तोड़ पारम्परिक एंटिवायरस सिस्टम के पास नहीं है। इसके लिए एडवांस लेबल का सिस्टम अपडेट किया हुआ अनिवार्य है। इसके अलावा, ए.आई. के द्वारा उपयोग में लाए जा रहे पार्टस के द्वारा हजारों सिस्टम को लक्ष्य में लिया जा सकता है। सिक्युरिटी सिस्टम इस आधुनिक खोजी साफ्टवेयर का मुकाबला करने में कमजोर है। वह प्रतिक्रिया देने में कमजोर है। अब इस ध्वस्त हो चुके सिस्टम को पुनः पटरी में लाने के लिए हेकर्स तगड़ी पारिश्रमिक शुल्क की मांग करता है।

2024 लोकसभा चुनाव में डीपफेक का चरमसीमा में भयावह रूप से दुरूपयोग हुआ था। चुनाव में ए.आई. और डीपफेक का दुरूपयोग सामान्य बात हो गई है।

# आज विश्व एड्स दिवस

थंगेश्वर कुमार साहू



एड्स आज विश्व की सबसे खतरनाक बीमारी है, जिसके निदानों का आविष्कार अभी तक नहीं हो सका है। एड्स दिवस प्रतिवर्ष पूरे विश्व में 1 दिसंबर को मनाया जाता है, ताकि लोग एचआईवी वायरस, एड्स के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके और इसके बारे में गलत धारणाओं को दूर किया जा सके और एड्स से प्रभावित लोगों को समर्थन और सम्मान दिया जा सके। यह दिन इस बीमारी के खिलाफ वैश्विक लड़ाई की याद दिलाता है और एड्स को समाप्त करने की दिशा में प्रयासों की गति को बनाए रखने के लिए मनाया जाता है।

## एड्स दिवस मनाने के कारण

1) जागरूकता बढ़ाना इसका मुख्य उद्देश्य एचआईवी के बारे में आम जनता को शिक्षित करना है और संक्रमण को रोकने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करना है।

2) सम्मान और समर्थन यह उन लोगों को याद करने और उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक तरीका है जो इस बीमारी के कारण अपनी जान गवा चुके हैं। साथ ही यह वर्तमान में एड्स से प्रभावित लोगों के प्रति समर्थन और सहानुभूति भी बढ़ता है।



3) कलंक को कम करना एड्स के साथ जुड़े सामाजिक कलंक और भेदभाव को कम करने में मदद करना भी इसका एक उद्देश्य है ताकि लोग खुलकर इस बीमारी के बारे में बात कर सके और परीक्षण करवा सके।

4) रोकथाम और उपचार पर जोर यह दिन वैश्विक स्वास्थ्य लक्षण को प्राप्त करने के लिए जैसे कि 2030 तक एड्स महामारी को समाप्त करना, एचआईवी की रोकथाम और उपचार तक पहुंच बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करता है।

5) एकजुटता दिखाना यह दिवस सरकारो, गैर सरकारी संगठनों और आम लोगों को एड्स के खिलाफ लड़ाई में एकजुट होने के लिए प्रेरित करता है ।

## एड्स की परिभाषा

1) एक्वायर्ड-यह जन्म से नहीं होता, बल्कि किसी संक्रमण के बाद शरीर में विकसित होता है ।

2) इम्यूनो-इसका संबंध शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली से है, जो संक्रमण से लड़ने का काम करती है ।

3) डेफिशिएंसी-इसका मतलब है कि प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर हो जाती है या उसमें कमी आ जाती है।

4) सिंड्रोम-यह कई लक्षणों के समूह को संदर्भित करता है जो किसी बीमारी का संकेत या उसकी विशेषता बताते हैं।

एड्स रोग का पता सन 1981 में अमेरिका में लगा और यह रोग भारत में 1986 में चेन्नई में पाया गया था। यह रोग एक विशिष्ट प्रकार के विषाणु के कारण होता है, जिसे एचसीएलवी कहते हैं। लेकिन अब इसे एचआईवी के नाम से जाना जाता है । संक्रमण के बाद एड्स विषाणु 8 से 10 वर्ष तक शरीर में चुपचाप पड़ा रहता है। एड्स का विषाणु मानव शरीर की एचटी कोशिकाओं को मार देता है। जिसके कारण रोगी के शरीर में प्रतिरक्षियों का निर्माण प्रभावित होता है अर्थात रोगी की रोग प्रतिरोधात्मक क्षमता कम होने लगती है और व्यक्ति की 3 वर्ष के अंदर ही मृत्यु हो जाती है। यह लसीका ग्रंथियों की सूजन, बुखार, भारहीनता, तथा कमजोरी, पतली दस्त, चमड़ी में खुजली, अनिद्रा, मुंह में छाले बनना, रात में पसीना निकलना इत्यादि इस रोग के प्रमुख लक्षण है। इस रोग के विषाणुओं का रोगी व्यक्ति से स्वस्थ व्यक्ति में संचरण माता से शिशु में, यांत्रिक संपर्क, लैंगिक संपर्क, रुधिर तथा अंग प्रत्यारोपण, संक्रमित सुइयों के उपयोग इत्यादि से होता है समलैंगिक अर्थात होमोसेक्सुअल ड्रग के आदती और कई लोगों से लैंगिक संबंध रखने वाले लोगों में इस रोग के पाए जाने की बहुत अधिक संभावना रहती है। एड्स का एक अन्य रूप भी होता है जिसके कारण ज्वर रहता है, लिंफोमा ग्रंथियां सूज जाती है और रात के समय पसीना आता है तथा शरीर का वजन कम होने लगता है इस रूप को एआरसी कहते हैं। एड्स पीड़ीत व्यक्ति की पहचान उसके रक्त के सीरम में उपस्थित कुछ विशेष प्रकार की प्रतिरक्षी की उपस्थिति से ही की जाती है।

एड्स पर नियंत्रण रक्ताधान तथा अंग प्रत्यारोपण के समय एड्स की उपस्थिति की जांच कर लेनी चाहिए। समलैंगिकता तथा वेश्यावृत्ति पर प्रतिबंध होना चाहिए तथा एक सिरिंज का केवल एक बार ही प्रयोग होना चाहिए।

एड्स का उपचार वैसे तो एड्स के सही उपचार की खोज अब तक नहीं हो सकी है, फिर भी बुल्गारिया के वैज्ञानिक ने इसके लिए टीआईएएस नामक इंजेक्शन का आविष्कार किया है, यह इंजेक्शन विषाणु की रोकथाम करता है। दूसरी बात एड्स के लिए जीन थेरेपी भी कारगर सिद्ध हुई है और एड्स के लिए एजेडटी औषधि का उपयोग सामान्य रूप से किया जा रहा है जिसे विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 1991 में आयोजित सम्मेलन द्वारा एड्स के लिए कंपाउंड क्यूं औषधि को अधिक कारगर बताया गया है।

विश्व एड्स दिवस 2025 की थीम विघटन पर काबू पाना, एड्स प्रतिक्रिया में बदलाव लाना है। यह थीम वैश्विक स्तर पर महामारी संघर्ष और असमानता के कारण उत्पन्न हुई चुनौतियों के बावजूद एचआईवी प्रतिक्रिया को मजबूत करने के लिए एक आह्वान है।

*हम सब ने यह ठाना है,*
*एड्स मुक्त भारत बनाना है।।*

साहित्यकार, राजनांदगांव

## कविता

### विश्व एड्स दिवस

आज की तारीख है एक दिसंबर
एड्स दिवस मनाएंगे सभी मिलकर
इस बीमारी से लड़ेंगे सभी एक होकर
एड्स मुक्त विश्व का निर्माण करेंगे सभी मिल-जुलकर
एड्स को फैलाता है यह एचआईवी वायरस
शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कम करता है यह वायरस
कभी रोगी माता से शिशु में, यांत्रिक, लैंगिक,
रुधिर संपर्क तो कभी संक्रमित सूइयों से
मानव की जान ले लेता है यह वायरस
एड्स एक जानलेवा बीमारी है
इसको जड़ से मिटाना
हम सभी की जिम्मेदारी है
परिवार से बड़ा कोई धन नहीं
इसके लिए हमको करना वफादारी है
लोगों को एड्स के प्रति सचेत
करना हमारा काम है
हम सबको अपने परिवार के प्रति लगाव है
सावधानी एवं जागरूकता ही इसका बचाव है।
इस बिमारी से लड़ने की कसम खाई
एड्स हो या एचआईवी
हम परिवार के लिए हैं
मोस्ट और वीआईपी।



श्रीमती रेशमी साहू
व्याख्याता
राजनांदगांव

## विचार सरिता

# जीवन कौशल: जरूरी नहीं कि सभी आपकी ही तरह सोचें और आपसे सहमत ही हों

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय



लोक व्यवहार में ऐसे अनेक लोगों से हमारा सामना होता है, जिनके समक्ष हम अपने विचारों को रखते हैं या सामने वाले व्यक्ति के विचारों को सुनते हैं और कोई कार्य संपन्न करते हैं। ऐसे में व्यवहार की भिन्नता सतह पर आती है। हमें लगता है कि हम सही हैं और सच यही है। अतः सामने वाले व्यक्ति को इसमें सहयोग करना चाहिए और इस कार्य में सहायता करनी चाहिए। हमारे दृष्टिकोण से विपरीत उस व्यक्ति की सोच अलग हो सकती है और वह हमसे सहमत नहीं भी हो सकता है।

जब इस तरह विचारों की भिन्नता और असहयोग की स्थिति बने, तो इसके लिए भी हमें तैयार रहना चाहिए। जो सहमत नहीं हुए, उनका अपना इष्टिकोण है। अतः उनको लेकर अपने मन में कोई कड़वाहट नहीं रखनी चाहिए।

जब विचारों की भिन्नता आती है, तो हमारा व्यवहार उस मत विभिन्नता वाले वाक्ति के लिए बदल जाता है। हमारा मन खिन्न होता है, तो हम इसे अपने व्यवहार में झलका देते हैं। वास्तव में ''नहीं'' सुनने के बाद भी हम संतुलित रह सकें, इसमें हमारी सफलता है।

पंडित जवाहर लाल नेहरू ने कहा था, ''मतभेदो का होना अनिवार्य है। इनका हमें सम्मान करना चाहिए, और ऐसा नहीं करना चाहिए कि दूसरों के मतभेदों को मिटाने के लिए अपनी मर्जी उन पर थोपी जाए।''

इसके उलट, मतभेद होने का यह अर्थ भी नहीं है कि सामने वाले के अनुचित विचार को भी स्वीकार कर लिया जाए। मुंडे-मुंडे मतिर्भिन्ना। (लोगों के विचार अलग-अलग होते हैं।) परंतु जब यह सत्य के लिए बाधक बने तो एकला चलो रे की नीति अपनानी चाहिए।

## सामयिक चर्चा

### सारे अपराध का मूल कारण लालच

बानी बोले- ''सुनिए गजाधर!
आज मोबाइल चोरी की खबर -
रायपुर के सिलतरा में
एक मोबाइल दुकान से
बड़ी चोरी की हुई है वारदात।
सुनाता हूँ मैं पूरी बात -
चोर दुकान की पीछे की दीवार पर
छेद कर घुसे अंदर,
और 57 मोबाइल ले गए चोरी कर।
उनकी कीमत 8-9 लाख रूपए
बताई जा रही है
खबर में भी आ रही है
कि हो गया है एफआईआर।
गजाधर! आखिर चोर जो हैं यार!
वे एक दिन जरूर पकड़ाएंगे।
तो चोरी क्यों करते हैं, बताएंगे?''
गजाधर मुस्कराए, बोले-''बानी!
इसका मुख्य कारण है लालच।
लालच आदमी की
सोच-समझ की बुद्धि को
हर लेता है।
और फिर उसे अपराध करने के लिए
उकसा देता है।''
(रविवार 30 नवम्बर 2025)



गिरीश बख्शी

खतरों के खिलाड़ी



नई दिल्ली: आग के बीच से छलांग लगाकर करतब दिखाते राष्ट्रपति के घुड़सवार अंगरक्षक।

## राशिफल

**मेष** — आज आपको अपने कामों में लंबे समय बाद सफलता हासिल होगी, लेकिन आप लेनदेन किसी से आंख बंदकर भरोसा करके ना करें। बिजनेस को भी एक नई रहा मिलेंगे और पार्टनरशिप भी आपके लिए बेहतर रहेगी। आप अपने किसी मित्र की मदद के लिए भी आगे आएंगे और आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी।

**वृष राशि** — आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बेहतर रहने वाला है। आपको अपने आसपास रह रहे शत्रुओं को पहचानकर चलना होगा। छुटपुट लाभ के अवसरों पर भी आप पूरा ध्यान दें और किसी विपरीत परिस्थिति में आपको धैर्य बनाएं रखने की आवश्यकता है। आपको किसी लिए गए निर्णय के लिए पछतावा होगा।

**मिथुन** — आज का दिन वैवाहिक जीवन जी रहे लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। यदि किसी बात को लेकर कड़वाहट चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपसी सामंजस्य बना रहेगा। प्रेम और सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उन्हें कोई अच्छी सफलता हासिल होगी।

**कर्क** — आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है, जो लोग रोजगार को लेकर परेशान है, उन्हें कोई अच्छी नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। आपकी वाणी की सौम्यता आपको मान सम्मान दिलवाएगी, जिससे राजनीति में भी आपको अच्छी पहचान मिलेगी, लेकिन आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोगों इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं।

**सिंह** — आज का दिन आपके लिए किसी बड़े लक्ष्य की पूर्ति के रहेगा। आपको अच्छा लाभ मिलने से खुशी होगी। संतान को किसी नई नौकरी के मिलने से वह कहीं बाहर जा सकते हैं। जो लोग सिंगल हैं, उनकी अपने साथी से मुलाकात होगी। पैतृक संपति को लेकर कोई विवाद यदि आपको टेंशन दे रहा था, तो उससे भी आपको छुटकारा मिलेगा।

**कन्या** — आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपको किसी काम में भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। बड़े बुजुर्ग आपको काम को लेकर सलाह दे सकते हैं। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा भी दूर होगी। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपको अपनी किसी सहयोगी की कोई बात पूरी लग सकती हैं।

**तुला** — आज का दिन आपके लिए पिछले चली आ रही समस्याओं से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके किसी लिए गए निर्णय को लेकर पछतावा होगा। आप मौज-मस्ती के मुड में रहेंगे। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। यदि आप किसी दूसरे पर डिपेंड रहें, तो इससे आपकी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

**वृश्चिक** — आज का दिन आपके लिए किसी नये घर मकान आदि की खरीदारी के लिए रहेगा। आप किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने की प्लानिंग भी कर सकते हैं। आपको किसी विरोधी की बातों में आने से बचना होगा और आपको व्यापार में भी अच्छा फायदा होगा और आपकी रुकी हुई योजनाएं भी फिर से शुरू हो सकती हैं। आप जिस काम में हाथ डालेंगे।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण कामों को करने के लिए रहेगा। आपको काम को लेकर कोई बड़ा उत्तरदायित्व मिल सकता है। आपके बॉस आपको जिम्मेदारी देकर काफी खुश होंगे। आप अपने पारिवारिक मामलों को लेकर भी आप बातचीत कर सकते हैं। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा।

**मकर** — आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपके परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे। आपके प्रमोशन की बात भी आगे कर सकते हैं। संतान के मनवाने व्यवहार के कारण आपको कोई धन संबंधित समस्या हो सकती है।

**कुंभ** — आज आप अपने आपको तरोताजा महसूस करेंगे। पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आएगी। आप कहीं जाने की प्लानिंग कर सकते है। आपका कोई पुराना लेनदेन चुकता होगा। बिजनेस के सिलसिले में आप कहीं बाहर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। आप अपनी कोई मन की इच्छा को लेकर अपने पिताजी से बातचीत कर सकते हैं।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपके मन में कुछ नया करने को लेकर उथल-पुथल बनी रहेगी, लेकिन आप किसी अजनबी पर कोई भरोसा करने से बचें। आपको कामों से एक नयी पहचान मिलेगी, लेकिन वह इतनी अच्छी नहीं होगी, जितनी आपने सोची थी। आपको किसी दूसरे के मामले में बेवजह बोलने से बचना होगा।

# साहू समाज का भव्य शपथ ग्रहण समारोह




डोंगरगांव (दावा)। तहसील साहू व नगर साहू संघ के संयुक्त तत्वावधान में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन पूरे हर्षोल्लास से मां कर्मा तहसील साहू भवन डोंगरगांव में आयोजित किया गया. प्रदेश साहू संघ छत्तीसगढ़ के निर्देश पर निर्वाचन उपरांत नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के इस शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ.नीरेंद्र साहू व कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू ने किया.

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भोलाराम साहू खुज्जी विधायक, छन्नी साहू पूर्व खुज्जी विधायक तथा विशेष अतिथि के रूप में जिला महामंत्री नीलमणि साहू, संरक्षक कमलकिशोर साहू, नोबल साहू, मदन साहू, अमरनाथ साहू, चंद्रशेखर साहू, तहसील संरक्षक हेमंत साहू, संगठन सचिव माधव साहू, रविकुमार साहू, लविंद्र साव उपस्थित रहे.

मां कर्मा के सामूहिक पूजन अर्चन व अतिथि स्वागत पश्चात जिला अध्यक्ष भागवत साहू द्वारा नवनिर्वाचित तहसील साहू संघ के अध्यक्ष शिवराम साहू, उपाध्यक्ष गणेश साहू व डेहरीन साहू, संगठन सचिव कोमल साहू व पूनम साहू, सचिव कृष्ण कुमार साहू, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सहित विभिन्न प्रकोष्ठ के संयोजकों को शपथ ग्रहण कराया गया. इसी क्रम में तहसील अध्यक्ष शिवराम साहू द्वारा नगर साहू संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कौशल साहू, उपाध्यक्ष नामदेव साहू व हंसू साहू, संगठन सचिव घनश्याम साहू व लोकेश्वरी साहू, सचिव उमेश कुमार कोषाध्यक्ष ताम्रध्वज साहू सहित प्रकोष्ठ के संयोजकों को भी शपथ ग्रहण कराया गया.

**प्रदेश अध्यक्ष की गरिमामय उपस्थिति रही**

प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ.नीरेंद्र साहू ने इस गरिमामय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सभी पदाधिकारियों को सामाजिक नियमावली का पालन करते हुए एकता और अखंडता के साथ विकसित समाज की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध रहना चाहिए. शपथ ग्रहण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन पूर्व प्रशासनिक सचिव तहसील साहू संघ लविंद्र साव व गुमान साहू ने किया. आभार प्रदर्शन तहसील साहू संघ के सचिव कृष्ण कुमार साहू ने किया तथा पूर्व तहसील सचिव धनराज साहू का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ.

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में तहसील साहू डोंगरगांव के समस्त परिक्षेत्रीय अध्यक्ष के रूप में बेलस साहू, मीलूराम साहू, हकीम साहू, नवल किशोर साहू, धनेंद्र साहू, रोहित साहू, गिरधारी साहू, हेमंत साहू, भारत साहू, संयोजक मीडिया प्रकोष्ठ घनश्याम साहू, धनेन्द्र साहू ओमकार साहू, रामकुमार साहू, अमरोतन साहू, तिलकराम साहू, भारतलाल साहू, महेन्द्र बघेल, भारत साहू, लालदास साहू, भोज साहू, मनसुख साहू, सुनीता साहू, नीलम साहू, सवल दास साहू, राधेश्याम साहू, दयालु साहू, मन्नू लाल, रमेश कुमार, टुमन लाल, गोपेन्द्र साहू, बिसनाथ साहू, यादवराम साहू, संध्या साहू, रेणुका साहू, प्रेमचंद साहू, पुरुषोत्तम साहू सहित समाज के समस्त ग्राम इकाई के पदाधिकारियों व सम्मानित सदस्यों की बड़ी संख्या में गरिमामय उपस्थिति रही.

# भारतरत्न डॉ. आंबेडकर का 69 वां महापरिनिर्वाण दिवस 6 दिसंबर को



डोंगरगढ़ (दावा)। आदर्श बौद्ध महासभा, नागसेन बुद्ध विहार ट्रस्ट समिति डोंगरगढ़ द्वारा 69वां महापरिनिर्वाण दिवस 6 दिसंबर 2025, दिन शनिवार को श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर दिनभर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष डॉ मुन्नालाल नंदेश्वर ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9 बजे बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ होगा। इसके पश्चात 9.30 बजे परित्राण पाठ आयोजित किया जाएगा। प्रातः 10.30 बजे तहसील कार्यालय में स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया जाएगा।

इसी क्रम में 11 बजे नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वार्ड 11, डोंगरगढ़ में मरीजों को फल वितरण कार्यक्रम भी रखा गया है। शाम 6.30 बजे परित्राण पाठ एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन होगा, जिसमें उपस्थित जन उनकी स्मृति को नमन करेंगे।आदर्श बौद्ध महासभा, नागसेन बुद्ध विहार ट्रस्ट समिति डोंगरगढ़ ने अधिक से अधिक संख्या में सफेद वस्त्र धारण कर कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। रक्तदान कर बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि देने की अपील की गई है। 6 दिसंबर एक शोक का दिवस है, अतः किसी भी प्रकार के उत्सव एवं मनोरंजन से परहेज करने की अपील की गई है।

**भीम के नाम महादान-रक्तदान शिविर**

आदर्श बौद्ध महासभा, नागसेन बुद्ध विहार ट्रस्ट समिति डोंगरगढ़ द्वारा डॉ बाबा साहेब आंबेडकर के 69 वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर 'भीम के नाम महादान' के तहत रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया है। यह शिविर 06 दिसंबर, शनिवार को प्रातः 10.30 बजे से 4.30 बजे तक संचालित होगा। ट्रस्ट समिति ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस पुनीत कार्य में सहयोग करने की अपील उपासक उपासिकाओं से की है, ताकि जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिल सके। रक्तदान हेतु उपासक दीपक उके, विलास सहारे, मनीष बडोले एवं अमिताभ दुफारे से संपर्क किया जा सकता है।

# पहला कॉलम...

## मंडला में रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल हुई विधायक



खैरागढ़ (दावा)। ब्लॉक के ग्राम मंडला में आयोजित एक दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा शामिल होकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने सभी खिलाडियों को शुभकामनाएं और बधाई दी एवं ग्राम मंडला में समुदायिक भवन के लिए 3 लाख देने की घोषणा की। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि अरुण भारद्वाज, नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, रसीद लाल साहू पूर्व सरपंच डोकराभांठा, गोपी वर्मा सरपंच मंडला सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## एसआईआर फॉर्म के लिए सहयोग कर रहे हैं भाजपा कार्यकर्ता



डोंगरगढ़ (दावा)। वार्ड नं 11 बुथ क्रमांक 145 में एस आई आर फार्म के सर्वे कार्य में बीएलओ के साथ सहयोग कर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा निरीक्षण कार्य किया जा रहा है।ताकि कोई निवासी छुट न जाऐ।

शहर भाजपा उपाध्यक्ष अचला सिंह ठाकुर ने बताया कि, पार्टी द्वारा दिए गए निर्देश के तहत 100 प्रतिशत फार्म आन लाइन जमा हो इसी लिए लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से प्रतिदिन जन संपर्क किया जा रहा है। अभी तक 81.98 प्रतिशत फॉर्म ऑनलाइन हो पाया है। भाजपा संगठन द्वारा सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया है कि महत्वपूर्ण कोई छुटना नहीं चाहिए।

## कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने किसानों से की विनम्र अपील



बालोद (दावा)। कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के किसानों से जल संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनते हुए सामूहिक जिम्मेदारी निभाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जल संसाधनों का दीर्घकालिक संरक्षण आज की प्रमुख आवश्यकता है। इसी कड़ी में उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे ग्रीष्मकालीन धान की जगह कम पानी में बेहतर उत्पादन देने वाली फसलें जैसे दलहन, तिलहन एवं गन्ना को प्राथमिकता दें।

कलेक्टर ने कहा कि बदलते जलवायु परिस्थितियों व भू-जल स्तर में आ रही गिरावट को देखते हुए फसल चक्र में सुधार बेहद जरूरी हो गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि किसान जागरूकता और सहभागिता के साथ जल संरक्षण के इस अभियान को सफल बनाएंगे। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि वैकल्पिक फसलों को बढ़ावा देने के लिए विभाग द्वारा आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन एवं सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात

डोंगरगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 128वां एपिसोड रविवार को प्रसारित हुआ. इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने डोंगरगांव के विभिन्न बूथों पर इसे सुना. इस मन की बात कार्यक्रम को वार्ड क्रमांक 05 पार्षद राजा जैन के घर पर सुना गया, जिसमें पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी ने दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ हिस्सा लिया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन मे सर्दियों के आगमन के साथ देश में पर्यटन के बढ़ते दौर का उल्लेख किया.

उन्होंने लोकल फॉर वोकल अभियान पर भी चर्चा की. इस कार्यक्रम के विषय में श्री गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के मन की बात सुनने से कार्यकर्ताओं में नए ऊर्जा का संचार होता है. उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं, प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभी संस्करणों की मन की बात कार्यक्रम को सुने. इस कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी, स्वरूपचंद जैन, मंडल अध्यक्ष दीना पटेल, प्रफुल्ल राजा जैन, राहुल जैन तथा समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# भागवत कथा में भगवान राम-कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया



छुईखदान (दावा)। श्रीमद् भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह छोटे राजा बाड़ा छुईखदान में भगवान श्री राम श्री कृष्ण जन्मोत्सव , भगवान लीला, रुक्मणी मंगल विवाह उत्सव भक्तिमय वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। भागवताचार्य पं. वीरेन्द्र वैष्णव जी ने व्यासपीठ से कहा कि हर युग में भगवान का अवतरण विशेष उद्देश्य अधर्म, अनीति पर मनुष्यों को ज्ञान देने एवं नीति एवं धर्म की स्थापना हेतु ही होता है । आगे कहा कि सनातन धर्म संस्कृति वसुधैव कुटुम्बकम अनुसार विश्व एक परिवार एवं भाईचारा कायम करते हुए कहा कि मनुष्य को धरती पर ही पापों, कर्मो का फल कई जन्मों तक चुकाना पड़ता है। ईश्वर भक्ति पूजा जप आदि वो औषधि है जिससे प्रभु द्रवित होकर कष्ट कम कर देंगे आदि श्री भागवत कथा के गूढ़ रहस्यों, दर्शन को भक्तों को सरल भाषा में समझाया। कथा में परीक्षीत यजमान श्रीमती लतारानी लाल जे.के. वैष्णव ने जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों का आभार धन्यवाद दिया। साथ ही एक दिसम्बर 2025 को गीता जयंती पर सामूहिक गीता पाठ करने एवं हवन पूजन आदि से वातावरण शुद्ध करने भक्तों से बड़ी संख्या में उपस्थिति की अपील किया। भागवत कथा महापुराण में स्थानीय डी के नामदेव भजन मंडली द्वारा भी भजन कीर्तन किया जा रहा है।

# विधायक श्रीमती यशोदा नीलांबर वर्मा जोन स्तरीय बाल क्रीडा प्रतियोगिता कार्यक्रम में हुए शामिल



खैरागढ़ (दावा)। ब्लॉक खैरागढ़ के ग्राम जुनवानी में आयोजित जोन स्तरीय बाल क्रीडा प्रतियोगिता समापन कार्यक्रम में खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने कहा कि खेल हमारे जीवन का आवश्यक अंग है तथा खेल के माध्यम से हम अपने शरीर को तंदरूस्त रख रकते हैं और उन्होंने खिलाड़ियों से मिलकर उनका उत्साह बढ़ाया एवं युवाओं के लिए खेलों का मजबूत आधार तैयार करने की बात कही व कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली खिलाड़ीयों को सम्मानित और प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, ताकि वे प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकें। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता नीलांबर वर्मा, हिमांचल राजपूत, चेतन देवांगन पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गंडई, सूरज पूर्व पार्षद एवं पंच सरपंच सहित ग्रामीणजन बड़ी संख्या मे उपस्थित हुए।

# 76वें संविधान दिवस पर विश्वविद्यालय में किया गया संविधान प्रस्तावना का वाचन



खैरागढ़ (दावा)। 76वें संविधान दिवस के अवसर पर इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया।। कुलपति प्रो. (डॉ.) लवली शर्मा के निर्देशन एवं छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. देवमाईत मिंज के मार्गदर्शन में कैंपस 01 स्थित राजकुमारी इंदिरा की प्रतिमा के समक्ष संविधान दिवस मनाया गया। लोक संगीत एवं कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो. राजन यादव ने संविधान प्रस्तावना का वाचन किया। जिसे विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शोधार्थी-विद्यार्थियों ने दोहराया।

इस दौरान प्रो. राजन यादव ने बताया कि 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने भारतीय संविधान को अपनाया, जिसने भारत को एक संप्रभु, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य का दर्जा दिया। संविधान ने न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व की गारंटी देकर एकता और अखंडता को मजबूत किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता संगीत संकाय प्रो. नमन दत्त, अधिष्ठाता लोक संगीत एवं कला संकाय प्रो. राजन यादव व अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. देवमाईत मिंज सहित शिक्षकगण, अधिकारीगण, संगतकारगण, कर्मचारीगण, एनएसएस के स्वयं सेवक एवं अधिकारीगण तथा शोधार्थी-विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

# रासेयो का अर्जुनी में विशाल जनजागरुकता अभियान




डोंगरगाँव (दावा)। जिले के दूसरे सबसे बड़े शासकीय महाविद्यालय डोंगरगाँव के प्राचार्य डॉ.ए.के .धमगाये के निर्देशन में रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.आशाराम साहू एवं प्रो. प्रियांकी गजभिये के मार्गदर्शन में रासेयो के स्वयंसेवकों ने गांव-गांव पहुंचकर लोगों को जागरूक करने का अभियान चला रहे हैं. इसी क्रम में 29 नवम्बर शनिवार को युनिसेफ के सहयोग से राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े विद्यार्थियों व्दारा ग्राम पंचायत अर्जुनी में नशामुक्त भारत, पोषण आहार, गुड टच-बैड टच पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बच्चों तथा ग्रामीणों को जागरूक किया गया तथा इस कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत के सरपंच ललिता साहू तथा पंचगण और साथ ही साथ प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला, किसान हायर सेकंडरी स्कूल के शिक्षकगण, हाईस्कूल के शिक्षकगण और साथ में नवीन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.अंजना ठाकुर और महाविद्यालय के शिक्षणगणों के साथ स्कूली बच्चों की उपस्थित रहे. इस दौरान स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बच्चों को नशामुक्त भारत बनाने, गुड टच-बैड टच की जानकारी दी. स्वयंसेवकों का यह कार्य लोगों के लिए मिशाल बनता जा रहा है और ग्रामीण इनके कार्यो की सराहना करने से नहीं थक रहे हैं. इस कार्यक्रम में स्वयंसेवक नागेश्वर ठाकुर, सारस कुमार, सत्यम, आकाश महेंद्र मंडावी के साथ एनएसएस के स्वयंसेवक, स्वयंसेविका, स्कूली विधार्थी ग्रामीणजन उपस्थित रहे.

**ग्रामीणों के साथ सैकड़ों बच्चों ने लिया हिस्सा**

# तुंहर टोकन ऐप और 3100 समर्थन मूल्य से बढ़ा किसानों का आत्मविश्वास, मेहनत और तकनीक से नेतराम साहू बने प्रेरक चेहरा




खैरागढ़ (दावा)। ग्राम खम्हारडीह के प्रगतिशील किसान नेतराम साहू इस वर्ष अपनी उत्कृष्ट खेती और बेहतर प्रबंधन के कारण पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बने हुए हैं। पांडादाह धान खरीदी केंद्र में उन्होंने 77.60 क्विंटल धान बेचकर अपनी मेहनत का सम्मानजनक प्रतिफल हासिल किया।।प्रति क्विंटल 3100 समर्थन मूल्य मिलने से उनके परिवार में खुशी का माहौल है।

नेतराम साहू का कहना है कि खेती में समय पर बोनी, खेत की नियमित देखभाल और उर्वरक का संतुलित उपयोग ही उनकी निरंतर बढ़ती पैदावार का कारण है। वे खेत को परिवार की तरह संभालते हैं और हर काम को नियमित रूप से करते हैं, जिससे उत्पादन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इस वर्ष खरीदी प्रक्रिया उनके लिए और सरल हो गई जब उन्होंने 'तुहर टोकन' मोबाइल ऐप का उपयोग किया। ऐप से समय पर टोकन मिलने से न तो इंतजार करना पड़ा और न ही किसी भीड़ का सामना करना पड़ा। वे निर्धारित समय पर पहुँचकर आसानी से तौल करा सके। उनका कहना है कि यह व्यवस्था किसानों के समय और मेहनत दोनों की बचत करती है तथा खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाती है। नेतराम साहू ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी, खरीदी व्यवस्था का डिजिटलीकरण और किसान-हितैषी नीतियों से किसानों का आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने बताया कि सरकार की योजनाओं का लाभ अब सीधे खेत और परिवार के जीवन में दिखाई देने लगा है। इसी केंद्र में ग्राम साल्हेवारा के किसान राजेश साहू ने भी 35.60 क्विंटल धान बेचकर समर्थन मूल्य का लाभ उठाया, जिससे अन्य किसानों में भी सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह बढ़ा है।

# एमजीएम विश्वविद्यालय महाराष्ट्र में आयोजित युवा उत्सव में इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने हासिल किया ओवरऑल तृतीय स्थान



खैरागढ़ (दावा)। भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा 39 वें सेंट्रल जोन यूनिफेस्ट के अंतर्गत एमजीएम विश्वविद्यालय संभाजी नगर महाराष्ट्र में आयोजित युवा उत्सव में इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के विद्यार्थियों ने ओवरऑल तृतीय स्थान हासिल किया है।

कुलपति प्रो. (डॉ.) लवली शर्मा ने निर्देशन में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों से विद्यार्थीगण अलगङ्कअलग विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने युवा उत्सव में भाग लिए थे। इस दौरान विद्यार्थियों ने क्लासिकल वोकल में प्रथम, कोलाज में प्रथम, लाइट वोकल में प्रथम, ग्रुप सॉन्ग में प्रथम, क्लासिकल डांस में द्वितीय, पेंटिंग में द्वितीय, वायलिन में तृतीय, लोक नृत्य में चतुर्थ, वन एक्ट में चतुर्थ, माइम चतुर्थ, स्कल्पचर में चतुर्थ, फोक ऑर्केस्ट्रा में चतुर्थ, हिंदी वाघमिता में पंचम, मिमिक्री में पंचम, प्रोसेशन में द्वितीय, गायन में ओवरऑल प्रथम एवं फाइन आर्ट्स में ओवरऑल द्वितीय स्थान हासिल किए हैं। इस तरह विद्यार्थियों ने युवा उत्सव में ओवरऑल तृतीय स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम रौशन किया है। टीम मैनेजर के रूप में कपिल सिंह वर्मा सहायक प्राध्यापक एवं डॉ. गुंजन तिवारी अतिथि व्याख्याता साथ रहे।

### कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुति

युवा उत्सव में दात्री संत, मोनिका निराला, शगुन पाठक, प्रियांशु पांडे, अजय कुमार कुशवाहा, आर्यन मल्होत्रा, प्रथा रामटेके, निखिल आनंद, प्रिया कुमारी, सराक्षी सक्सेना, गुलशन साहू, गिरीश दास, यामीर भोई, आदित्य टांडी, खुशी वर्मा, झरना देवहारी, डिम्पल पुलस्त्य, नम्रता गांवर, सिद्धार्थ दिवाकर, सूरज कुमार, डेरहू, प्रहलाद ध्रुव, वंदना, हर्ष चंद्राकर, करण कुमार, सुखराम साहू, खिलेश, दिशा चतुर्वेदी, हर्ष गिरी भट्ट, अंकित सिंह, अभिनव पाटले, भैरवी साहू, रोशन, अंशु बंगारी, किशन साहू, कानन खंडेलवाल, समीर सोनी, ध्रुव सिंह बघेल, डॉली अहिरवार, धीरेन्द्र, खुशी श्रीवास्तव, वेद प्रकाश रावटे, प्रियांशु, अमित कुमार पटेल ने शानदार प्रस्तुति दी। इनके साथ विद्यार्थी संगतकार के रूप में रामकृष्ण पटेल, फिजम महेंद्र सिंह, साक्षी, आदित्य जैन, अनुराग प्रकाश पंडा व आलोक कुमार मिश्रा तथा पेशेवर संगतकार के रूप में रामचंद्र सरपे, परमानंद पाण्डेय, मौलश्री सिंह, दीपक दास महंत, रोशन कुमार, राम जोंधले व सफ़ीक हुसैन मौजूद रहे।।सभी प्रतिभागियों को कुलपति सहित शिक्षकों, अधिकारियों व कर्मचारियों सहित विश्वविद्यालय परिवार ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

# मुसराकला स्थित तालाब किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाने ग्रामीणों ने दिया ज्ञापन



डोंगरगढ़ (दावा)। विगत दिनों जोरों से चल रहे सुशासन त्यौहार कार्यक्रम में ग्रामीणों द्वारा तालाब पार रास्ते से अतिक्रमण हटाने हेतु शासन से गुहार लगाया गया था। जिस पर कार्यवाही करते हुए नायब तहसीलदार सतपाल यादव ने मौके की जांच की आगे कार्यवाही करने हेतु ग्राम पंचायत कार्यालय मुसरा कला को निर्देशित किया।

उक्त जानकारी प्रदान करते हुए ग्रामीणों ने बताया कि,अतिक्रमण तोड़े जाने की सूचना पंचायत द्वारा बेजा कब्जा धारियों को बार बार दी गई। किंतु आज तक इन लोगों द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया है।आक्रोशित ग्रामीण बड़ी संख्या में तहसील कार्यालय पहुंचे। अधिक लोगों की उपस्थित देख कुछ को छोड़कर बाकियों को बाहर रहने का निर्देश देते हुए शीघ्र अतिक्रमण तोड़ने का आश्वासन दिया गया।

तत्काल बिजली ऑफिस मुसराकला को विद्युत विच्छेद का आदेश दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों में बली राम बंजारे, ग्राम प्रमुख कमल नारायण साहू, कमलेश साहू एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### कैलिफोर्निया के स्टॉकटन में गोलीबारी... चार की मौत

नई दिल्ली। अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य के स्टॉकटन शहर में शनिवार रात फायरिंग की एक गंभीर घटना सामने आई. अधिकारियों ने बताया कि स्टॉकटन में एक पारिवारिक समारोह के दौरान हुई फायरिंग में चार लोग मारे गए और दस लोग घायल हो गए. यह जानकारी सैन जोक्विन काउंटी शेरिफ ऑफिस की ओर से दी गई है.

शेरिफ ऑफिस के अनुसार, सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया. फिलहाल घायलों की हालत को लेकर कोई विस्तृत जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है. अधिकारियों ने बताया कि घटना स्थल को अभी भी सुरक्षित रखा गया है और पूरा इलाका जांच के दायरे में है. जांच एजेंसियां सबूत जुटाने में लगी हुई हैं. फायरिंग के कारणों और हमलावरों को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक सूचना जारी नहीं की गई है. इस फायरिंग में 4 की मौत हो गई है और 10 लोग घायल हुए हैं. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार घायलों में 9 साल का एक बच्चा, एक 12 साल का बच्चा और 23 साल का एक युवक शामिल है. बताया जा रहा है कि यह फायरिंग एक बच्चे की बर्थडे पार्टी के दौरान हुई. सोशल मीडिया पर शेयर हो रहे घटनास्थल के वीडियो में भारी संख्या में पुलिस और एंबुलेंस की मौजूदगी दिखाई दे रही है. कई सड़कों को बंद कर दिया गया है.

### सोने-चांदी की कीमतों ने फिर तोड़ा रिकॉर्ड, फिर हाई लेवल के करीब पहुंची

सोने-चांदी की कीमतों में नवंबर के महीने में जबरदस्त इजाफा देखने को मिला है. अक्टूबर में रिकार्ड एक लाख 32 हजार रुपये के हाई लेवल का आंकड़ा छू चुकी सोने की कीमतों में अक्टूबर के अंत और नवंबर महीने की शुरुआती दिनों में जबरदस्त कमी देखने को मिली थी. एक बार तो कीमतें एक लाख 20 हजार रुपये से भी कम रह गई थीं, अब फिर 24 कैरेट सोने के दाम फिर एक लाख 30 हजार रुपये के करीब प्रति 10 ग्राम जा पहुंचे हैं. इसी तरह चांदी की कीमतें तो रिकार्ड हाई लेवल से भी पार हो गई है. किसी भी डेढ़ लाख रुपये प्रति किलो से नीचे पहुंचीं चांदी आज एक लाख 85 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई है. विशेषज्ञों के अनुसार छोटे-मोटे उतार-चढ़ाव के बावजूद 24 से 30 नवंबर के बीच पूरे सप्ताह बाजार में तेजी का रुझान देखने को मिला. सोने की बढ़ती कीमतों के पीछे वैश्विक बाजार की चाल, डॉलर में उतार-चढ़ाव और निवेशकों की बढ़ती रुचि प्रमुख कारण रहे. कुल मिलाकर, सोने के भाव में लगातार बढ़त दर्ज की गई, जबकि 29 और 30 नवंबर को सप्ताह की ऊँची कीमत सामने आई.

### धमाकों से दहला बलूचिस्तान, विस्फोट में उड़ी क्वेटा की रेल लाइन

क्वेटा। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में 24 घंटों में हुए 7 सिलसिलेवार धमाकों ने दहशत फैला दी है। बताया जा रहा है कि कम से कम सात अलग-अलग ब्लास्ट और ग्रेनेड हमले हुए, जिनमें दो निजी सुरक्षा गार्ड घायल हो गए। शनिवार देर रात से शुरू हुई इस हिंसा की शुरुआत क्वेटा में हुई। विस्फोट में क्वेटा का रेलवे लाइन भी उड़ गई है, जिससे रेल सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं।

उग्रवादियों ने सबसे पहले शहर के स्पिनी रोड इलाके में एक पुलिस चौकी पर दो हैंड ग्रेनेड फेंके। इसके कुछ देर बाद ही आतंकवाद-विरोधी विभाग (सीटीडी) की गश्ती गाड़ी के पास शक्तिशाली आईईडी विस्फोट किया गया। शाम ढलते-ढलते तीन और धमाके हुए। सबसे गंभीर हमला लोहर कहरेज के पास रेलवे ट्रैक पर किया गया, जहां आतंकवादियों ने आईईडी प्लांट कर रखी थी। जैसे ही क्वेटा आने वाली जफर एक्सप्रेस ट्रेन नजदीक पहुंची, विस्फोट हो गया। धमाके से कई मीटर पटरी उड़ गई और रेल यातायात पूरी तरह ठप हो गया। रेलवे अधिकारियों ने क्वेटा-कराची और क्वेटा-चमन रूट पर सभी ट्रेनें अनिश्चितकाल के लिए रद्द कर दी हैं।

### इंडोनेशिया के सुमात्रा में भीषण बाढ़ में 300 से ज्यादा मौतें

मेदान (उत्तरी सुमात्रा)। इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप पर पिछले एक सप्ताह से जारी भीषण बाढ़ और भूस्खलन ने अब तक 303 लोगों की जान ले ली है, जबकि सैकड़ों अभी भी लापता हैं। अभी मरने वालों की संख्या और बढ़ने की आशंका है। बाढ़ ने उत्तरी सुमात्रा के सिबोल्गा शहर और मध्य तपनौली जिले को सबसे ज्यादा तबाह किया है। पूरा इलाका कीचड़ और मलबे में डूबा हुआ है। सड़कें टूट गईं, पुल बह गए, बिजली और मोबाइल नेटवर्क ठप हैं, जिससे कई गाँव पूरी तरह दुनिया से कट गए हैं। ऐसे में भोजन-पानी की लोगों तक आपूर्ति नहीं हो पा रही है।

सबसे चिंताजनक खबर यह है कि भोजन और पीने के पानी की भारी किल्लत के चलते स्थानीय लोग जीवित रहने के लिए लूटपाट करने पर मजबूर हो गए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि लोग कमर-कमर पानी में चलकर बंद पड़ी दुकानों और गोदामों में घुस रहे हैं, चावल, दवाइयां, गैस सिलेंडर और जरूरत का सामान लेकर भाग रहे हैं।

## कोहली का विराट तूफान! 83वां शतक जड़कर भारत को दिलाई रोमांचक जीत, दक्षिण अफ्रीका को 17 रन से हराया

रांची। रांची में खेले गए पहले वनडे मुकाबले में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका को 17 रन से हरा दिया। दोनों टीमों की पारियों में कुल 681 रन बने, जिसमें भारतीय कप्तान विराट कोहली का प्रदर्शन सबसे खास रहा। कोहली ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का 83वां और वनडे करियर का 52वां शतक जड़ा। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 349 रन बनाए। पारी की शुरुआत थोड़ी धीमी रही जब यशस्वी जायसवाल केवल 18 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद रोहित शर्मा और विराट कोहली ने टीम को संभाला और 136 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाई। इस दौरान रोहित ने अपने वनडे करियर की 60वीं हाफ-सेंचुरी पूरी की और 57 रन बनाकर आउट हुए। कोहली ने अपने बल्ले से जोरदार खेल दिखाते हुए 135 रन बनाए, जिसमें 11 चौके और 7 छक्के शामिल थे। उनके शतक ने टीम के स्कोर को मजबूत बनाया। इस मैच में केएल राहुल ने भी 60 रन बनाए और टीम का स्कोर 349 तक पहुँचाने में अहम योगदान दिया।



### दक्षिण अफ्रीका की खराब शुरुआत

दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत काफी खराब रही। हर्षित राणा ने अपनी गेंदबाजी से टीम को बड़ा झटका दिया। उन्होंने पहले ही ओवर में रयान रिकल्टन और क्विंटन डी कॉक को बिना खाता खोले आउट कर दिया। इसके बाद अरशदीप सिंह ने कप्तान एडेन मार्करम को 7 रन पर पवेलियन भेज दिया। अफ्रीकी टीम केवल 11 रन पर अपने तीन शीर्ष ऑर्डर बल्लेबाजों से हाथ धो बैठी। टोनी डी जोरजी और डेवाल्ड ब्रेविस ने थोड़ी देर टीम को संभाला, लेकिन 39 और 37 रन पर आउट हो गए। मध्यक्रम में मार्को यान्सेन और मैथ्यू ब्रीट्जके ने अफ्रीका की वापसी करवाई और छठे विकेट के लिए 97 रन की अहम साझेदारी निभाई। यान्सेन ने 39 गेंद में 70 रन की तूफानी पारी खेली, लेकिन कुलदीप यादव ने उन्हें और ब्रीट्जके को एक ही ओवर में पवेलियन भेजकर भारत की स्थिति मजबूत कर दी। ब्रीट्जके ने 72 रन बनाए। अंतिम ओवरों में कॉर्बिन बॉश ने कुछ रोमांचक रन बनाए, लेकिन अफ्रीका लक्ष्य तक नहीं पहुँच सकी और 332 रन पर आउट हो गई।

### कुलदीप की शानदार गेंदबाजी

भारत की जीत में कुलदीप यादव की गेंदबाजी सबसे अहम रही। उन्होंने चार महत्वपूर्ण विकेट लिए और दक्षिण अफ्रीकी टीम को काबू में रखा। इस शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने पहले वनडे में जीत दर्ज की और सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। इस मैच में भारत की बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों ही शानदार रही। कोहली, रोहित और राहुल की बल्लेबाजी ने टीम को मजबूत स्कोर तक पहुँचाया, जबकि हर्षित राणा और कुलदीप यादव की गेंदबाजी ने विपक्षी टीम को दबाव में रखा। इस जीत के साथ ही भारत ने रांची में शानदार शुरुआत की और आगामी मैचों के लिए आत्मविश्वास हासिल किया।

## विराट कोहली ने बनाया वनडे का 7000वां शतक

नई दिल्ली। भारतीय टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने रांची में खेले जा रहे पहले वनडे मैच में ऐतिहासिक शतक बनाया है। उन्होंने 103 गेंदों अपना शतक पूरा किया और इसी के साथ वनडे इतिहास में एक अहम आंकड़ा छूते हुए अपना नाम रिकॉर्ड बुक में लिखवा लिया।



कोहली का ये शतक वनडे क्रिकेट इतिहास का 7000 वां शतक है। यानी अभी तक वनडे में सात हजार शतक लग चुके हैं और ये मुकाम पूरा करने का श्रेय विराट कोहली को जाता है।

विराट कोहली ने चौका मार अपना 52वां वनडे शतक पूरा किया और जैसे ही कोहली का शतक पूरा हुआ एक फैन सुरक्षा घेरा तोड़ते हुए कोहली के पैर छूने आ गया। ये देख तुरंत सुरक्षा कर्मी तोड़ते हुए आए फैन को बाहर ले गए।

वनडे इंटरनेशनल में घर में सबसे ज्यादा पचास प्लस स्कोर बनाने के मामले में कोहली पहले नंबर पर आ गए हैं। कोहली का यह भारत में इस फॉर्मेट में 59वां पचास प्लस स्कोर हैं और इस लिस्ट में उन्होंने सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ा दिया है। तेंदुलकर ने वनडे इंटरनेशनल में घर पर 58 फिफ्टी प्लस स्कोर बनाए थे। साउथ अफ्रीका के जैक कैलिस ने अपने घर पर वनडे में 46 बार फिफ्टी प्लस रनों की पारी खेली थी। वहीं रिकी पोंटिंग ने ऑस्ट्रेलिया में वनडे में 45 बार पचास प्लस स्कोर बनाए थे।

## कांगो की लेक माई-नडोम्बे में नाव हादसा, नाव पलटने से 19 की मौत



नई दिल्ली। डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में एक दर्दनाक नाव हादसे ने फिर एक बार ग्रामीण इलाकों में असुरक्षित नदी परिवहन की गंभीर समस्या को उजागर कर दिया है. अधिकारियों के अनुसार, लेक माई-नडोम्बे में गुरुवार रात आए अचानक तेज हवाओं के कारण एक नाव पलट गई, जिसमें कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई और कई लोग लापता हो गए.

हादसा उस समय हुआ जब नाव माई-नडोम्बे प्रांत के किरी गांव से राजधानी किन्शासा की ओर जा रही थी. स्थानीय प्रशासन के अनुसार, नाव पर बड़ी संख्या में यात्री सवार थे. प्रांतीय गवर्नर नकोसो केवानी लेबोन ने बताया कि शुक्रवार को 9 शव मिले थे और शनिवार को 10 और शव बरामद किए गए.

गवर्नर के अनुसार, तेज हवाओं ने नाव के दो इंजनों में से एक खराब हो गया, जिससे नाव संतुलन खोकर अचानक पलट गई. उन्होंने बताया कि हादसे के बाद राहत और बचाव कार्य तेजी से चलाया जा रहा है, लेकिन झील की गहराई और खराब मौसम की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन में मुश्किलें आ रही हैं.

सरकारी अधिकारी फ्रेडी बोंज़ेके इलिकी ने अनुमान लगाया कि नाव पर कम से कम 200 यात्री सवार थे. उन्होंने कहा कि यह हादसा फिर साबित करता है कि कई स्थानीय नौकाएं क्षमता और सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करतीं. इलिकी ने पहले भी अस्थायी लकड़ी की नावों पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव दिया था, लेकिन उस पर अमल नहीं हुआ. कांगो के ग्रामीण इलाकों में नदी परिवहन लोगों की मुख्य यात्रा व्यवस्था है, लेकिन अक्सर पुरानी और अत्यधिक भरी हुई नावों के कारण ऐसे हादसे सामने आते रहते हैं. सिर्फ सितंबर में ही कांगो के अन्य हिस्सों में दो नदी हादसों में करीब 200 लोगों की मौत हुई थी.

## टीम इंडिया की धमाकेदार जीत, ओमान को 17-0 से रौंदा

नई दिल्ली। साइक्लोन Ditwah और चेन्नई में भारी बारिश के बीच खेले गए मुकाबले में भारतीय हॉकी टीम ने ओमान को 17-0 से बुरी तरह हराया. भारतीय हॉकी टीम के लिए ये जीत अंक हासिल करने और गोल अंतर में बेहतर होने के लिहाज से शानदार रही, लेकिन टीम के पेनल्टी कार्नर पर निराशाजनक प्रदर्शन से हेड कोच चिंता में हैं.



भारतीय हॉकी टीम ने इस मुकाबले में कुल 19 पेनल्टी कार्नर हासिल किए थे, लेकिन इनमें से सिर्फ 4 को ही प्लेयर्स गोल में बदल पाए. ये दिखाता है कि पेनल्टी कार्नर में भारतीय हॉकी टीम को बहुत सुधार करने की जरुरत है. हालांकि इसका एक कारण बारिश भी था, क्योंकि बारिश से ग्राउंड धीमा और भारी हो गया था. हालांकि दुनिया की नंबर 2 टीम से इससे बेहतर की उम्मीद की जाती है. पेनल्टी कार्नर की कमजोरी हाल ही में हुए सुल्तान ऑफ जोहोर कप में भी नजर आई थी.

स्नढ्ढ॥मेंस जूनियर वर्ल्ड कप में हुए इस मुकाबले के पहले 15 मिनट तक भारतीय प्लेयर्स कुछ खास मौका नहीं बना पाए, शरुआत में ओमान के प्लेयर्स काफी तेज खेल रहे थे. लेकिन 15 मिनट के बाद भारतीय प्लेयर्स ने गियर बदलें और रफ्तार पकड़ी. भारतीय खिलाड़ियों के बीच तालमेल शानदार रहा, पासिंग गेम भी सटीक था. टीम इंडिया के प्लेयर्स ने अपनी 360 डिग्री स्पिन और रिवर्स हिट से ओमान के खिलाड़ियों को छकाया. चौथे मिनट में अर्शदीप ने अंकित पाल के शानदार पास से गोल दागा.

पेनल्टी कार्नर में बेशक टीम इंडिया के खिलाड़ियों ने निराश किया, लेकिन फील्ड गोल्ड में उनका प्रदर्शन बेहद शानदार रहा. अर्शदीप सिंह , दिलराज सिंह और मनमीत सिंह ने 3-3 गोल दागे. अजित यादव, गुरजोत सिंह और इंगलेम्बा लुवांग ने 2-2 गोल किए.

## ट्रंप के 'एयरस्पेस बंद' करने की घोषणा को वेनेजुएला ने कहा धमकी

नई दिल्ली। अमेरिका और वेनेजुएला के बीच तनाव एक बार फिर बढ़ गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने वेनेजुएला के ऊपर के एयरस्पेस को पूरी तरह बंद मानने की अपील की, जिसके बाद वेनेजुएला ने इसे औपनिवेशिक धमकी बताया। इस बयान ने क्षेत्र में पहले से जारी सैन्य गतिविधियों और राजनीतिक खींचतान को और तीखा कर दिया है।



डोनल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि वेनेजुएला के ऊपर और आसपास का पूरा हवाई क्षेत्र बंद मानें। उन्होंने यह संदेश एयरलाइंस, पायलटों, ड्रग तस्करों और मानव तस्करों को संबोधित करते हुए ट्रुथ सोशलपर डाला। व्हाइट हाउस ने उनके बयान पर कोई जवाब नहीं दिया, इसलिए यह साफ नहीं है कि यह कोई नई नीति है या सिर्फ पहले से चल रहे दबाव को बढ़ाने की कोशिश।

वेनेजुएला की सरकार ने ट्रंप के बयान को औपनिवेशिक धमकी बताया और कहा कि इससे उनके देश की संप्रभुता और हवाई सुरक्षा पर हमला होता है। विदेश मंत्रालय ने इस बयान को एकतरफा और शत्रुतापूर्ण कदम बताया।

वेनेजुएला ने यह भी आरोप लगाया कि अमेरिकी अधिकारियों ने वेनेजुएला प्रवासियों की द्विसाप्ताहिक डिपोर्टेशन फ्लाइट्स रोक दी हैं। इस साल अब तक 13000 से ज्यादा वेनेजुएलावासियों को वापिस भेजा गया है। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस ने वेनेजुएला के लिए उड़ानें रद करनी शुरू कर दी हैं। स्न ने हाल ही में चेतावनी दी थी कि देश के आसपास सैन्य गतिविधि बढ़ी हुई है, इसलिए सावधानी से उड़ान भरें। FAA का अधिकार क्षेत्र अमेरिका तक सीमित होता है, लेकिन वह दुनिया भर में खतरनाक क्षेत्रों पर पायलटों को चेतावनी जारी करता है। FAAऔर ICAO दोनों ने इस मामले पर टिप्पणी करने से इनकार किया। ट्रंप प्रशासन लंबे समय से राष्टपति निकोलस मादुरो पर दबाव बढ़ा रहा है। अमेरिका मादुरो को मान्यता प्राप्त नेता नहीं मानता और उन पर ड्रग-तस्करी से जुड़े आरोप भी हैं।

अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला के पास बॉम्बर फ्लाइट्स की हैं और देश के पास अमेरिकी विमानवाहक पोत USS Gerald क्र स्नशह्म्स्र को तैनात किया है। यह ऑपरेशन साउदर्न स्पीयर का हिस्सा है, जिसमें लगभग 12 नौसेना जहाज और 12000 सैनिक शामिल हैं। इस क्षेत्र में अमेरिकी हमलों में सितंबर से अब तक 80 से अधिक लोग मारे गए हैं।

## ज्योतिष चमत्कार ( 1 दिसम्बर 2025 )

| कल्याण | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 76 | 80 | 96 | 09 |
| मंगल | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 89 | 98 | 08 | 17 |
| बुध | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 90 | 07 | 18 | 20 |
| गुरू | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 06 | 19 | 29 | 36 |
| शुक्र | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 10 | 28 | 37 | 48 |
| शनि | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 26 | 39 | 47 | 56 |

| राजधानी नाईट | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 25 | 31 | 43 | 51 |
| मंगल | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 32 | 42 | 52 | 65 |
| बुध | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 41 | 53 | 64 | 71 |
| गुरू | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 54 | 63 | 73 | 84 |
| शुक्र | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 62 | 74 | 82 | 91 |

| कल्याण | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 1 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 4 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 5 | 6 | 9 | 0 |
| स्पेशल | 58 | 67 | 93 | 02 |

| राजधानी नाईट | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 8 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 7 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 1 | 2 | 3 | 6 |
| स्पेशल | 10 | 29 | 35 | 64 |

**सप्ताह में देखें** (कल्याण)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 2 | 21 | 23 | 24 | 25 |
| 3 | 31 | 32 | 34 | 35 |
| 4 | 41 | 42 | 43 | 45 |
| 5 | 51 | 52 | 53 | 54 |
| 6 | 62 | 63 | 64 | 65 |
| 7 | 71 | 73 | 74 | 75 |
| 8 | 81 | 82 | 84 | 85 |
| 9 | 91 | 92 | 93 | 95 |
| 0 | 01 | 02 | 03 | 04 |

**सप्ताह में देखें** (राजधानी नाईट)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 17 | 18 | 19 | 10 |
| 2 | 26 | 28 | 29 | 20 |
| 3 | 36 | 37 | 39 | 30 |
| 4 | 46 | 47 | 48 | 40 |
| 5 | 56 | 57 | 58 | 59 |
| 6 | 67 | 68 | 69 | 60 |
| 7 | 76 | 78 | 79 | 70 |
| 8 | 86 | 87 | 89 | 80 |
| 9 | 96 | 97 | 98 | 90 |
| 0 | 06 | 07 | 08 | 09 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

| कल्याण | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 55 | 02 | 23 | 00 | 05 | 27 |
| 91 | 16 | 84 | 20 | 84 | 47 |
| 52 | 96 | 53 | 11 | 70 | 82 |
| 91 | 97 | 67 | 79 | 09 | 87 |

| राजधानी | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 04 | 63 | 52 | 00 | 32 |
| 40 | 92 | 89 | 81 | 10 |
| 29 | 05 | 03 | 87 | 43 |
| 19 | 35 | 38 | 36 | 81 |

**जनवरी 2025 से दिसम्बर 2025 तक के रूके जोड़भाव-पेनल**

कल्याण 2024- 22-86
2025- 22-32-37-50-86-92-90
1-245-227-777 2-246-228-499-688-444-3-166-4-680-338-400-888 5-230-249-113-122-177-366-799-889-555 6-330-466-600-222
7-188- 700-999 8-567-440-477- 666
9-144-199-559-577-333 0-118-668-000

राजधानी नाईट 2024- -88
2025- -24-33-30-49-56-66-67-75- 78-88-80-95-99-90-01
1-146-290-119-777, 2-660- 778-444,3-166-300-599-111, 4-112-220-338-699-888, 5-366-447-555
6-556-600-222, 7-377-449-700-999, 8-189-288-666, 9-289-117-199-388-577- 333,
0-488-550-668-000

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**0 टीम भावना से किया गया कार्य होगा सफल ...**

पुलिसिंग को मजबूत करने और नए क्रिमिनल कानूनों के बारे में जागरूकता बढ़ाने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया.

प्रधानमंत्री ने पुलिसिंग में प्रोफेशनलिज्म, सेंसिटिविटी और रिस्पॉन्सिवनेस को बढ़ाने पर ज़ोर दिया. उन्होंने कहा कि युवाओं के बीच पुलिस की सकारात्मक छवि बनाना बेहद ज़रूरी है. पुलिस को अब फोर्स नहीं, बल्कि सेवा और विश्वास का चेहरा बनना होगा. जनता से संवाद, भरोसा और सहानुभूति पुलिसिंग के नए मानक होने चाहिए.

प्रधानमंत्री ने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता को आधुनिक न्याय प्रणाली का आधार बताया. उन्होंने कहा कि इनके बारे में आम जनता और अधिकारियों के बीच जागरूकता फैलाया जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि ये नए कानून पुराने औपनिवेशिक ढांचे को पूरी तरह बदलकर न्याय प्रणाली को अधिक सक्षम और नागरिक-केंद्रित बनाएंगे.

पीएम मोदी ने देश में बैन किए गए संगठनों की रेगुलर मॉनिटरिंग के लिए सिस्टम बनाने पर जोर दिया. उन्होंने लेफ्ट विंग एक्सट्रीमिज़्म से मुक्त इलाकों का पूरा विकास पक्का करने, और कोस्टल सिक्योरिटी को मज़बूत करने के लिए नए मॉडल अपनाने की अहमियत दोहराई. प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर ज़ोर दिया कि ड्रग्स के गलत इस्तेमाल से निपटने के लिए पूरी सरकार का नज़रिया ज़रूरी है, जिसमें एनफोर्समेंट, रिहैबिलिटेशन और कम्युनिटी लेवल पर दखल देना शामिल है.

इस कॉन्फ्रेंस में नेशनल सिक्योरिटी के कई मामलों पर गहराई से चर्चा हुई. विज़न 2047 के लिए पुलिसिंग के लॉन्ग-टर्म रोडमैप, काउंटर-टेररिज्म और काउंटर-रेडिकलाइजेशन में उभरते ट्रेंड्स पर चर्चा हुई. इसमें महिलाओं की सुरक्षा बढ़ाने के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल, विदेश में मौजूद भारतीय भगोड़ों को वापस लाने की स्ट्रैटेजी, और असरदार जांच और मुकदमा चलाने के लिए फोरेंसिक क्षमताओं को मजबूत करने पर मंथन हुआ.

पीएम मोदी ने मजबूत तैयारी और कोऑर्डिनेशन की जरूरत पर जोर दिया. इसमें साइक्लोन, बाढ़ और दूसरी प्राकृतिक इमरजेंसी, जिसमें साइक्लोन दितवाह की मौजूदा स्थिति भी शामिल है. ऐसे प्राकृतिक आपदा समय असरदार डिजास्टर मैनेजमेंट के लिए मैकेनिज्म को मजबूत करने का आग्रह किया.

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

पीएम मोदी ने इंटेलिजेंस ब्यूरो के अधिकारियों को खास सेवा के लिए प्रेसिडेंट पुलिस मेडल बांटे. उन्होंने शहरी पुलिसिंग में सबसे अच्छा काम करने वाले तीन शहरों को अवॉर्ड भी दिए. यह अवॉर्ड शहरी पुलिसिंग में इनोवेशन और सुधार को बढ़ावा देने के लिए पहली बार शुरू किया गया है. 28 नवंबर को इस कॉन्फ्रेंस की शुरुआत हुई और 30 नवंबर को इसका समापन हुआ है.

**0 यूएस-चीन की नई वैश्विक शर्तों से दुनिया में अस्थिरता... व्यापार, मांग और वित्तीय अस्थिरता**

उन्होंने कहा कि व्यापार में मांग की अनिश्चितता और सप्लाई की बाधाएं जोखिम बढ़ा रही हैं। टैरिफ रेट्स में उतार-चढ़ाव से वैश्विक व्यापार पर अस्थिरता आई है। वित्तीय क्षेत्र में प्रतिबंधों का बढ़ता उपयोग, संपत्तियों की जब्ती और ब्लॉकचेन तकनीक का उभार नए वैश्विक वित्तीय ढांचे का संकेत दे रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा कि दुनिया एक ऐसी स्थिति में प्रवेश कर रही है जहां हर देश अपनी सुरक्षा, आर्थिक हितों और भविष्य की रणनीति को नए सिरे से परिभाषित कर रहा है। अमेरिका और चीन दोनों के साथ सीधे संवाद करते हुए देश समानांतर विकल्प भी तलाश रहे हैं ताकि किसी भी संकट में वे प्रभावित न हों।

**0 नेशनल हेराल्ड केस : सोनिया गांधी और राहुल गांधी के...**

यह साजिश एजेएल के 99 प्रतिशत शेयर केवल 50 लाख में यंग इंडियन (एक निजी कंपनी) को ट्रांसफर करके पूरी की गई. यंग इंडियन में श्रीमती सोनिया गांधी और श्री राहुल गांधी की हिस्सेदारी मिलाकर 76 प्रतिशत थी. आरोप है कि आरोपियों ने आपराधिक साजिश रचकर यू-एआईसीसी द्वारा एजेएल को दिए गए 90.21 करोड़ के बकाया लोन को 9.02 करोड़ के इक्विटी शेयरों में बदल दिया और ये सारे शेयर यंग इंडियन को केवल 50 लाख में ट्रांसफर कर दिए.

**0 चक्रवात दित्वाह : तमिलनाडु और पुडुचेरी में रेड अलर्ट....**

चक्रवात दित्वाह का असर देखा जा रहा है, जहां बारिश हो रही है। पुडुचेरी में समुद्र में ऊंची लहरें उठ रही हैं और तेज हवाएं चल रही हैं। पर्यटक भी चक्रवात के कारण प्रभावित हो रहे हैं, कई लोगों ने अपनी यात्रा रद्द कर दी है। मौसम विभाग ने बताया है कि दित्वाह तमिलनाडु की तटरेखा से कम से कम 70 किमी दूर और पुडुचेरी से 30 किमी दूर बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम में केंद्रित रहेगा। अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने का आग्रह किया है। तूफान के प्रभाव को कम करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। स्थानीय प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए तत्पर है। हम आपको ताजा अपडेट से अवगत कराते रहेंगे।

**0 ऑपरेशन सिंदूर का खौफ... पाकिस्तानी रेंजर्स की निगरानी**

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी रेंजर्स अपनी पोस्टों से भागे थे. आई आनंद ने बताया कि स्थिति सामान्य होने पर सभी अपने-अपने स्थानों पर लौटेंगे. उन्होंने कहा कि सभी गतिविधियां बीएसएफ की निगरानी में हैं और परिस्थितियों के अनुसार उचित कार्रवाई की जाएगी. अभी सीमा पर आतंकियों की कोई सक्रिय मूवमेंट नहीं है जिससे अलार्म उठाया जाए. बीएसएफ अपनी तैयारियों और निगरानी जारी रखे हुए है.

**0 'मन की बात' 128वां एपिसोड ...**

हिस्सा था, न किसी गठबंधन का, बल्कि शुद्ध करुणा और मानवता का प्रतीक था। अपने संबोधन के माध्यम से प्रधानमंत्री ने भारतीय संस्कृति में निहित शांति, करुणा और सार्वभौमिकता के मूल्यों को रेखांकित किया तथा युवा पीढ़ी को इनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

# किसानों की उन्नति का रास्ता खुला : पीएम आशा योजना से समर्थन मूल्य पर दलहन-तिलहन खरीदी शुरू

राजनांदगांव (दावा)। शासन द्वारा पीएम आशा योजना अंतर्गत सहकारी सोसायटियों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर दलहन-तिलहन फसलों की खरीदी की जाएगी। जिसका सीधा लाभ किसानों को मिलेगा। कृषि विभाग ने इस दिशा में तैयारी शुरू कर दी है। खरीफ एवं रबी मौसम में दलहन-तिलहन फसलों का लाभ उठाने वाले किसानों को पीएम आशा योजना का लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान योजना अंतर्गत प्राईस सपोर्ट स्किम के तहत खरीफ में अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली एवं सोयाबीन फसलों तथा रबी में चना, मसूर और सरसों फसलों का उपार्जन न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किया जाएगा। इसके लिए जिले में प्राथमिक कृषि सहकारी समिति के 15 उपार्जन केन्द्रों तथा एक एफपीओ स्वर्ण उपज महिला किसान उत्पादक प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड सुकुलदैहान को अधिसूचित किया गया है। योजनान्तर्गत खरीफ 2025 के दलहन फसल अरहर, उड़द, मूंग एवं तिलहन फसल में सोयाबीन, मूंगफली तथा रबी 2025-26 हेतु चना, मसूर एवं सरसों फसलों की खरीदी उपार्जन केन्द्रों में होगी। भारत सरकार द्वारा किसानों के हित में और दलहन तथा तिलहन क्षेत्र का रकबा बढ़ाने के लिए यह सार्थक प्रयास किया गया है, जिससे जिले के किसानों में हर्ष का महौल हैं। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अधिसूचना जारी कर



अरहर 15 फरवरी 2026 से 15 मई 2026 तक, मूंग एवं उड़द 1 दिसंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक, मूंगफल्ली एवं सोयाबीन 1 दिसंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक, सरसों 15 फरवरी 2026 से 15 मई 2026 तक, चना एवं मसूर 1 मार्च 2026 से 30 मई 2026 तक खरीदी करने के लिए तिथि निर्धारित की गई है। नाफेड उपार्जन एजेंसी के रूप में कार्य करेगी। कृषि विभाग को अधिक से अधिक किसानों तक व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये गये है। योजनान्तर्गत कृषकों को खरीफ के साथ-साथ रबी मौसम में बोई जाने वाली फसलों का सीधा मुनाफा उनके बैंक खातों में प्राप्त होगा। इससे न केवल रबी फसलों का क्षेत्र विस्तार होगा, बल्कि उन क्षेत्रों के किसानों को भी लाभ होगा। जहां केवल खरीफ में धान की खेती की जाती थी। शासन द्वारा रबी में दलहन-तिलहन फसलों के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए कृषि विभाग के माध्यम से विभिन्न योजनाएं जैसे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, नेशनल मिशन ऑन आयलसीड, द्वि-फसलीय क्षेत्र विस्तार और आत्मा योजना के तहत अनुदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी। प्राईस सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत राजनांदगांव के विभिन्न सेवा सहकारी समितियों को अधिसूचित किया गया है। जिनमें घुमका, पदुमतरा, सोमनी, छुरिया, कुमरदा, गैंदाटोला, गहिराभेड़ी, डोंगरगांव, तुमड़ीबोड़, कोकपुर, खुर्सीपार, डोंगरगढ़, अछोली, मुसरा, मोहारा और लाल बहादुर नगर शामिल हैं। फसलों के उपार्जन के लिए शासन द्वारा अधिकतम उपार्जन मात्रा प्रति एकड़ निर्धारित की गई है। पंजीकरण के लिए किसानों को कृषि विभाग द्वारा एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। जिससे नाफेड द्वारा डेटा प्रदर्शित किया जाएगा। इस डेटा के आधार पर फसल उपार्जन और भुगतान की प्रक्रिया की जाएगी। उप संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कृषकों के हित में तथा दलहन-तिलहन क्षेत्र के विस्तार हेतु कृषक हितकारी योजना का शुभांरभ किया गया है। इसके तहत आने वाले 1 दिसंबर से सोयाबीन, मूंगफली, उड़द एवं मूंग की खरीदी प्रारंभ हो रही हैं। उन्होंने कृषकों से अधिक से अधिक संख्या में अपनी फसलों को समर्थन मूल्य में विक्रय हेतु समिति पहुंचने के की अपील की है।

# टाटा सफारी से 4 लाख की शराब जब्त

दुर्ग (दावा)। थाना नंदिनी नगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब परिवहन में संलिप्त चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 28 पेटी देशी शराब, एक पुराना टाटा सफारी वाहन, चार मोबाइल फोन और नगदी सहित कुल 4,74,500 रुपए की मशरूका जब्त की है। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार 29 नवंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि धमधा मार्ग से नंदिनी-खुंदिनी होते हुए पड़ोसी राज्य से पुराना टाटा सफारी वाहन क्रमांक अज्ञात में बड़ी मात्रा में अवैध शराब नंदिनी नगर लाए जाने वाली है। सूचना पर थाना प्रभारी के निर्देशन में नंदिनी नगर पुलिस टीम ने तत्काल योजना बनाकर बताए गए मार्ग पर घेराबंदी की। पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली, जिसमें वाहन के भीतर 28 पेटी देसी शराब पाई गई, जिसकी कीमत 1,34,400 रुपए आंकी गई है। पुलिस ने मौके से नरेश कुर्रे, लवकेश उर्फ बबलू, आर्यन कुमार लहरे और प्रभू बारले को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने शराब को दीगर राज्य से लाकर यहां खपाने की योजना स्वीकार की। पुलिस ने शराब के साथ आरोपियों द्वारा उपयोग में लाई जा रही पुरानी टाटा सफारी वाहन जिसकी अनुमानित कीमत तीन लाख रुपए है, चार स्मार्टफोन (कुल 25,000 रुपए) तथा 15,100 रुपए नगद भी जब्त किए।

# पिछड़ा वर्ग से जिला अध्यक्ष बनाने पर कांग्रेसजनों ने वरिष्ठ नेताओं के निर्णय का किया स्वागत

डोंगरगढ़(दावा)। राजनांदगांव ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी में पिछड़ा वर्ग से जिला अध्यक्ष के चयन से कांग्रेसजनों में अपार उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कांग्रेस नेता एवं लोधी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु लोधी ने कहा है कि पिछड़ा वर्ग को नेतृत्व देने के लिए चलाया गए अभियान का परिणाम सुखद आया है। अब सभी कार्यकर्ता दुगने उत्साह से कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए कार्य करेंगे।



दुगुने उत्साह से कांग्रेस संगठन को किया जाएगा मजबूत - विष्णु लोधी

श्री लोधी ने आगे कहा है कि, पार्टी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने नाम उजागर न करने की शर्त पर कहा कि, अगर अंतिम क्षणों में पर्यवेक्षक के सामने पिछड़ा वर्ग का मुद्दा नहीं रखा जाता, तो आज यह पद किसी और वर्ग के हिस्से में चला जाता। यह पिछड़े वर्ग के नेताओं द्वारा चलाए गए अभियान की दूरदृष्टि और नेतृत्व क्षमता का परिणाम है। श्री लोधी ने राजनांदगांव जिले के नवनियुक्त अध्यक्षों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की है कि उनके नेतृत्व में कांग्रेस संगठन और अधिक मजबूत होगा।

# सहायक शिक्षक लीला मानिक 'सद्गुरु कबीर कौमी एकता अवार्ड' से सम्मानित



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय प्राथमिक शाला अंग्रेजी माध्यम ईग्नाईट गंजपारा राजनांदगांव की सहायक शिक्षक सुश्री लीला मानिक को राष्ट्रीय एकता, सद्भाव और समाज सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'सद्गुरु कबीर कौमी एकता अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर समता साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य इकाई द्वारा आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया गया।

यह गरिमामय समारोह 26 नवंबर को वृंदावन हॉल रायपुर में संपन्न हुआ।

## कर्मयोगी शिक्षकों पर गर्व : जीआर बंजारे ज्वाला

समारोह में अकादमी के प्रांताध्यक्ष जी.आर. बंजारे ज्वाला ने सुश्री मानिक को सम्मानित करते हुए कहा कि समता साहित्य अकादमी को ऐसे कर्मयोगी शिक्षकों पर गर्व है, जो शिक्षण कार्य के साथ-साथ समाज में राष्ट्रीय एकता, साम्प्रदायिक सद्भाव और सामाजिक समरसता के प्रसार हेतु निरंतर सक्रिय रहते हैं। उन्होंने सुश्री मानिक के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ-साथ उनके द्वारा समाज सेवा, कर्तव्य बोध, अधिकार जागरूकता और अंधश्रद्धा उन्मूलन में किए गए प्रयास अत्यंत प्रेरणादायी हैं।

अकादमी ने विश्वास व्यक्त किया कि वह भविष्य में भी सामाजिक विषमता को दूर करने और वैज्ञानिक सोच के प्रचार-प्रसार में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रहेगी। इस समारोह में बड़ी संख्या में साहित्यकार, शिक्षक, समाजसेवी एवं बुद्धिजीवी उपस्थित रहे। आयोजन का मुख्य संदेश ज्ञान ही शक्ति है संघर्ष ही भक्ति है रहा। जिसने सभागार में उपस्थित सभी लोगों को नई ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान की।

# संत शिरोमणि गुरु घासीदास जयंती : भव्य शोभायात्रा की तैयारी तेज, समाज में उत्साह

राजनांदगांव (दावा)। संत शिरोमणि गुरु घासीदास की जयंती को लेकर सतनामी समाज में उत्साह चरम पर है। जिला सतनामी सेवा समिति पंजीयन क्रमांक 5041 राजनांदगांव के बैनर तले समाज के विभिन्न संगठनों, समितियों एवं महिला मंडल की संयुक्त बैठक गुरु घासीदास सांस्कृतिक भवन, सतनाम भवन में आयोजित की गई। बैठक का आमंत्रण पूर्व निर्धारित तिथि 16 नवंबर को व्हाट्सएप संदेश के माध्यम से दिया गया था।



बैठक में जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को भव्य स्वरूप देने पर व्यापक चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष युवराज ढिरहेर, उपाध्यक्ष कमलेश्वर सान्डे, प्रतिमा बंजारे, महामंत्री कमल लहरे, कोषाध्यक्ष संजीव बंजारे और सचिव ऋषि खरे ने बताया कि सतनामी समाज के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, महिला मंडल, अधिकारी-कर्मचारियों, ब्लॉक अध्यक्षों और जनप्रतिनिधियों से कार्यक्रम को सफल बनाने सुझाव आमंत्रित किए गए। नेताओं ने बताया कि 17 दिसंबर को संस्कारधानी में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें झांकी, पंथी नृत्य प्रतियोगिता और अखाड़े की प्रस्तुति शामिल रहेगी। इसके बाद 18 दिसंबर को गुरुपर्व तथा महिलाओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद, प्रतियोगिताएं सहित अन्य आयोजनों पर सभी की सहमति से रूपरेखा तय की गई। बैठक में पारित निर्णयों की जानकारी युवा प्रकोष्ठ के जिला महामंत्री हरीश सोनवानी ने दी।

# वीर शहीद नारायण सिंह की स्मृति में विराट आदिवासी मेला 8 से 10 दिसंबर तक

गुरुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के तीन जिलों बालोद, धमतरी एवं कांकेर के सर्व आदिवासी समाज द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित होने वाला विराट वीर मेला इस वर्ष भी शहीद वीर नारायण सिंह की शहादत की स्मृति में धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। यह त्रिदिवसीय भव्य आयोजन 8, 9 एवं 10 दिसंबर को राजाराव पठार करेंझर, गुरुर में होगा। आयोजन समिति अध्यक्ष उमेदी राम गंगराले ने बताया कि लगातार 12 वर्षों से आयोजित हो रहा यह मेला आदिवासी संस्कृति, परंपरा, युवाओं की ऊर्जा और सामाजिक एकता का महासंगम है।

## 8 दिसंबर : देव पूजा और युवा सम्मेलन

पहले दिन प्रातः 8 बजे राजा राव बाबा, माँ कंकालीन बड़ादेव की पूजा-अर्चना होगी। जिसके बाद ध्वजारोहण और आदिवासी हाट-बाजार का शुभारंभ किया जाएगा। रात्रि में सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ युवा सम्मेलन होगा। जिसमें अरविंद नेताम, नंदकुमार साय सहित अनेक प्रमुख आदिवासी नेता शामिल होंगे।

## 9 दिसंबर : मातृशक्ति और प्रतिभा सम्मान

दूसरे दिन का आकर्षण मातृशक्ति सम्मेलन रहेगा। जिसमें महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े मुख्य अतिथि होंगी। दोपहर 2 बजे आदिवासी प्रतिभा सम्मान समारोह होगा। जिसके मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे। इस अवसर पर संगीता सिन्हा, अनिला भेड़िया सहित कई विधायक उपस्थित रहेंगे।

## 10 दिसंबर : मुख्यमंत्री करेंगे श्रद्धांजलि सभा को संबोधित

मेले के अंतिम दिन शहीद वीर नारायण सिंह श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाएगी। इसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री और सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद नेताम कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। अति विशिष्ट अतिथियों में मंत्री रामविचार नेताम, मंत्री केदार कश्यप, सांसद भोजराज नाग और विधायक सुश्री लता उसेंडी सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

## संस्कृति और शौर्य का संगम

तीनों दिवस की रात में आदिवासी लोकनृत्य, रेला-पाटा और पारंपरिक कलाओं की आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। यह विराट मेला आदिवासी समाज की परंपराओं, गौरव और शौर्य को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा 'सुरक्षित पारा, सुरक्षित लइकामन 3.0' अभियान का सफल संचालन

राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लूएंस कॉलेज राजनांदगांव की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) यूनिट एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में विस्तार गतिविधि के अंतर्गत 'सुरक्षित पारा सुरक्षित लइकामन 3.0' अभियान के अंतर्गत व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। दुर्ग विश्वविद्यालय के निर्देशन में यह कार्यक्रम विभिन्न पंचायतों बैगाटोला, सोमनी, ठाकुरटोला, भेड़ीकला एवं गोदग्राम पार्रीकला में सफलतापूर्वक संचालित हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक, जागरूकता रैली, दीवार लेखन, पोस्टर प्रदर्शन एवं जन-संवाद के माध्यम से बाल सुरक्षा, नशा उन्मूलन, स्वच्छता, गुड टच एवं बैड टच, लैंगिक समानता तथा स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ग्रामीण समुदाय को नुक्कड़ नाटक द्वारा



जागरूक किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किशोरियों, महिलाओं एवं समुदाय को सुरक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं सामाजिक संवेदनशीलता से संबंधित मुद्दों के प्रति सचेत करना है। उन्होंने कहा कि एनएसएस स्वयंसेवकों ने गांवों के चौक-चौराहों, आंगनवाड़ी केंद्रों एवं स्कूलों में जाकर प्रभावी संदेशों के साथ जन-जन तक जागरूकता पहुंचाई। विशेष अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक मोनिका दास ने कहा, 'लाइका मन 3.0 जैसा अभियान बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। जागरूकता ही परिवर्तन की पहली सीढ़ी है और एनएसएस के युवा इस दिशा में उत्कृष्ट योगदान दे रहे हैं।' महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने बताया कि युवा शक्ति ही समाज परिवर्तन की धुरी है। उन्होंने कहा कि एनएसएस के विद्यार्थी एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में कुपोषण, लैंगिक हिंसा, स्वच्छता एवं सामाजिक मूल्यों के प्रति लोगों को जागरूक कर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ग्राम पंचायतो के शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर विद्यालयों के साथ आंगनबाड़ी केन्द्रों की कार्यकर्ता एवं सहायिका तथा सरपंच, पंचगन, महिला समूह, युवा मंडल एवं ग्रामीणजनों की विशेष सहयोग जागरूकता अभियान में रहा। इस अभियान में रजविंदर कौर, चुरामन, श्रद्धा, तृप्ति, नेहा, अनामिका, दीक्षा, प्रीति, प्रदीप, कौशल्या, भूपिश, रूपाली, विद्या, अनुराग, मेहुल, सागर, यग्य, अंशुल, मोहित, चंद्रेश, अशोक, श्रद्धा आदि स्वयंसेवकों के दकीवारा नुक्कड़ नाटक एवं जन संवाद द्वारा महत्वपूर्ण सहभागिता रही। जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. मनीष जैन, संजय अग्रवाल एवं आशीष अग्रवाल ने विद्यार्थियों के इस पहल को नागरिको के लिए मन्हात्वपूर्ण मुद्दा बताया।

# नकली शराब के साथ दो गिरफ्तार

कबीरधाम(दावा)। जिले में नकली देशी प्लेन शराब निर्माण मामले में पुलिस ने जांच को आगे बढ़ाते हुए झारखंड के जमशेदपुर से दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई नकली शराब नेटवर्क तक पहुंचने के लिए की गई चल रही जांच का हिस्सा है।गिरफ्तार आरोपी में राकेश कोहली, मोहन प्रसाद गुप्ता दोनों निवासी झारखंड हैं। पूछताछ के दौरान आरोपी मोहन गुप्ता ने बताया कि वह फर्नीचर पॉलिश का कार्य करता था और कोलकाता से स्पिरिट (केमिकल) मंगवाकर झारखंड के अवैध शराब नेटवर्कों को सप्लाई करता था। इसी माध्यम से वह पोड़ी क्षेत्र में गिरफ्तार आरोपियों नंदकुमार और साजिद के नेटवर्क से जुड़ा। आरोपी राकेश कोहली ने बताया कि वह झारखंड में विभिन्न ब्रांड की नकली अंग्रेजी शराब तैयार करता था और साजिद से पूर्व परिचय के कारण पोड़ी स्थित गिरोह से संपर्क में आया।

# मुढ़ीपार मं यात्री प्रतिक्षालय का विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने किया भूमिपूजन

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम पंचायत मुढ़ीपार में विधायक मद से पांच लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले आधुनिक यात्री प्रतिक्षालय का भूमिपूजन शुवार को विधिवत रूप से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डोगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख, जनपद सदस्य मोहनीश धनकर, सरपंच मीनाबाई साहू, बघेरा के पूर्व सरपंच हरीश देशमुख सहित समस्त पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए।

विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने पूजा-अर्चना कर यात्री प्रतिक्षालय का भूमि पूजन किया। विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा कि ग्रामीण जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए लगातार विकास कार्य कराए जा



रहे हैं। यात्री प्रतिक्षालय के निर्माण से ग्रामीणों, महिलाओं, विद्यार्थियों तथा वरिष्ठ नागरिकों को बस सुविधा का इंतजार करने में अत्यधिक सहूलियत मिलेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास उनकी शीर्ष प्राथमिकता है।

जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख ने अपने संबोधन में कहा कि यह प्रतिक्षालय ग्रामीण जीवन को सुविधाजनक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विधायक निधि से स्वीकृत इस निर्माण कार्य के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। जनपद सदस्य मोहनीश धनकर ने कहा कि यह भवन ग्रामीणों के लिए छाया, सुरक्षित ठहराव और सुविधाजनक स्थान प्रदान करेगा।

जनपद प्रशासन विकास कार्यों को समय पर पूरा कराने के प्रति संकल्पित है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस निर्माण कार्य का स्वागत किया।

# ग्राम पांडरवानी के किसान सेवाराम ने एकटकन्हर धान उपार्जन केंद्र में 60 क्विंटल धान का किया विक्रय

मोहला (दावा)। ग्राम पांडरवानी के किसान सेवाराम जब एकटकन्हर धान उपार्जन केंद्र में अपना टोकन नंबर आने पर पहुँचे, तो उनकी मेहनत की 60 क्विंटल धान सही और पारदर्शी तरीके से तौली गई। धान का प्रत्येक बोरा मानो वर्षभर की कड़ी मेहनत और संघर्ष की गवाही दे रहा था। धान तौल प्रक्रिया पूरी होने के बाद सेवाराम के चेहरे पर खुशी और संतोष साफ झलक रहा था, क्योंकि उन्हें उनकी मेहनत का उचित मूल्य प्राप्त हुआ।



श्री सेवाराम ने बताया कि पहले वर्षों की तरह लाइन में लगना, इंतजार करना और टोकन मिलने की चिंता बनी रहती थी। लेकिन इस वर्ष उन्होंने तकनीक को अपनाते हुए तुंहर टोकन ऐप के माध्यम से ऑनलाइन टोकन प्राप्त किया। जिससे प्रक्रिया सरल हो गई और अनिश्चितता समाप्त हुई। उन्होंने कहा कि यह तकनीक वास्तव में किसानों के लिए जीवन आसान बना रही है। उन्होंने बताया कि धान बिक्री से प्राप्त राशि का उपयोग वे सबसे पहले अपने खेतों की मरम्मत एवं सुधार कार्य में करेंगे, ताकि अगली फसल बेहतर गुणवत्ता की हो और मिट्टी की उर्वरता बढ़ सके। इससे न केवल उनके परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि भविष्य भी सुरक्षित होगा। किसान सेवाराम ने शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि धान खरीदी व्यवस्था और ऑनलाईन टोकन प्रणाली के कारण अब खरीदी केंद्र तक पहुंचना सुगम प्रक्रिया पारदर्शी और किसानों के लिए सम्मानजनक हो गई है।

# शासन की कृषक उन्नति योजना और समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से छोटे किसान भी प्रगति की ओर अग्रसर - किसान भोजराम

राजनांदगांव (दावा)। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में तेज गति से धान विक्रय करने आ रहे किसानों में भारी उत्साह और खुशी का माहौल बना हुआ है। किसानों के लिए धान खरीदी प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और सुविधाजनक बनाया है।



○ ग्राम बनहरदी के किसान भोजराम ने धान खरीदी केन्द्र रामपुर में लगभग 81 क्विंटल बेचा धान
○ शासन द्वारा उनकी उपज का उचित मूल्य मिलने और धान खरीदी केन्द्र में अच्छी व्यवस्था होने पर जाहिर की अपनी खुशी

समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी और धान उपार्जन केन्द्रों में बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध होने पर किसानों में उत्साह है। डोंगरगांव विकासखंड के धान उपार्जन केन्द्र रामपुर में ग्राम बनहरदी के किसान भोजराम ने लगभग 81 क्विंटल धान का विक्रय किया। किसान भोजराम ने बताया कि उनके पास 4 एकड़ जमीन है। जिसमें उन्होंने धान की फसल ली थी। उन्होंने शासन द्वारा उनकी उपज का उचित मूल्य मिलने और धान खरीदी केन्द्र में अच्छी व्यवस्था होने पर अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष वे धान विक्रय से प्राप्त आय से उन्होंने खेती के लिए 38 डिसमिल नई जमीन खरीदी और नया घर भी बना रहे है।

किसान भोजराम ने कहा कि शासन की कृषक उन्नति योजना और समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से छोटे किसान भी प्रगति की ओर अग्रसर है। शासन द्वारा 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी से किसानों को उनके उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित किया जा रहा है।

यह छोटे किसानों की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। जिससे वे प्रगति की ओर अग्रसर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि टोकन तुंहर हाथ मोबाईल एप्प से घर बैठे ऑनलाईन टोकन, इलेक्ट्रानिक वजन मशीन और सीधे खाते में राशि के हस्तांतरण ने खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी और आसान कर दिया है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद दिया।

# भू-जल स्तर बचाने प्रेरक पहल : डोंगरगढ़ की तीन पंचायतों ने रबी सीजन में धान उत्पादन पर लगाया प्रतिबंध

राजनांदगांव (दावा)। जिले में भू-जल स्तर के लगातार गिरावट के मद्देनजर ग्राम पंचायतों एवं किसानों की जागरूकता प्रेरक है। जिसकी एक बानगी डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत मेढ़ा, रेंगाकठेरा एवं मुंदगांव में दिखाई दी। जहां ग्रामसभा का आयोजन कर ग्रीष्मकाल में जल स्तर के गिरावट को ध्यान में रखते हुए रबी सीजन में धान उत्पादन को पूर्णतः प्रतिबंध करने का प्रस्ताव पास किया गया है। जल संरक्षण के लिए ग्राम पंचायतों में की गई यह पहल प्रेरक है। इसकी जगह कम पानी उपयोग वाली अन्य दलहन-तिलहन फसल के लिए प्रोत्साहित किया गया। पानी बचाने के लिए ग्राम पंचायत में जनजागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। किसानों को धान के बदले दलहन, तिलहन, लघु धान्य फसल अंतर्गत मक्का, रागी, गेहूं, चना एवं अन्य फसल लगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण के लिए सामुदायिक सोख्ता का निर्माण किया जा रहा है। वर्षा जल संचयन के लिए मिनी परकोलेशन टैंक, निजी सोकपीट का निर्माण, वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण कराया जा रहा है। ग्राम सभा में नागरिकों को कम पानी की आवश्यकता तथा अधिक उत्पादन वाली फसलों के संबंध में जानकारी दी जा रही है।

डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत मेढ़ा, रेंगाकठेरा एवं मुंदगांव में ग्रामसभा का आयोजन कर रबी सीजन में धान उत्पादन को पूर्णतः प्रतिबंध करने का प्रस्ताव किया गया पास

# छत्तीसगढ़ में आज से मिलेगी 200 यूनिट हाफ बिजली : उपभोक्ताओं मिलेगा फायदा




राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ सरकार ने कुछ दिनों पहले 100 यूनिट को बढ़ाकर 200 यूनिट बिजली बिल हाफ योजना की घोषणा की थी। जो 1 दिसंबर से लागू हो जाएगा। इससे लाखों उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। अब 200 यूनिट पर 800-900 रुपए तक आने वाला बिल अब 420 से 435 रुपए तक आ सकता है।

### आज से मिलेगी 200 यूनिट हाफबिजली

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विधानसभा के विशेष सत्र के समापन पर इसका ऐलान किया। सीएम ने बताया कि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 1 दिसंबर से नई योजना लागू होगी। योजना के तहत 400 यूनिट प्रतिमाह तक बिजली खपत करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं को 200 यूनिट तक हाफ बिजली का लाभ मिलेगा। इससे 45 लाख से ज्यादा परिवार लाभान्वित होंगे।

4 महीने पहले यानी 1 अगस्त 2025 को सरकार ने बिजली बिल हाफयोजना पर बड़ा बदलाव किया था। भूपेश सरकार के समय लागू 400 यूनिट की सीमा को घटाकर 100 यूनिट कर दिया था। इस बदलाव का असर सीधे-सीधे लाखों परिवारों पर पड़ा था। बिल लगभग डबल हो गया था। अब नई योजना के तहत सरकार 200 यूनिट तक हाफ बिल स्कीम लागू कर रही है। यानी उपभोक्ता को सिर्फ आधा भुगतान करना होगा। पहले 100 यूनिट का बिल 410 से 450 तक होता है, जो अब आधा होकर 205 से 225 के बीच रह जाएगा।

### उपभोक्ताओं मिलेगा फायदा

वर्तमान में सिर्फ100 यूनिट बिजली खपत पर ही छूट का लाभ मिल रहा है। सितंबर-2025 में 100 यूनिट हाफ बिजली योजना के तहत 41 हजार 174 उपभोक्ताओं को लाभ मिला था। छूट की कुल राशि 40 लाख 77 हजार 383 रूपए है। हाफबिजली बिल छूट का लाभ सिर्फघरेलू उपभोक्ताओं को ही मिलेगा। कामर्शियल और पंप कनेक्शनधारी किसानों को यह छूट नहीं मिलेगी।

## आज से मंत्रालय में अनिवार्य होगी आधार-आधारित बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली, जीएडी ने जारी किया आदेश

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रशासनिक पारदर्शिता और समयपालन को मजबूत करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने 1 दिसंबर 2025 से मंत्रालय में आधार-आधारित बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली को अनिवार्य कर दिया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग (GAD) ने आदेश जारी किया है।जारी आदेश में कहा गया है कि शासन की ओर से निर्णय लिया गया है कि मंत्रालय, महानदी भवन में 1 दिसंबर 2025 से आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली के माध्यम से ही अवर सचिव और उनसे वरिष्ठ समस्त अधिकारियों का कार्यालय में उपस्थित होने और कार्यालय पश्चात वापस जाने के समय उपस्थिति दर्ज की जाए।आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली के लिए मोबाइल में आधार बॉस ऐप के माध्यम से अथवा प्रवेश द्वार के पास स्थापित बायोमेट्रिक डिवाइस या कंप्यूटर में थम्ब स्कैनर का उपयोग करते हुए उपस्थिति दर्ज करा सकते हैं। मंत्रालय में एईबीएएस का अनिवार्य ट्रायल रन 20 नवंबर से शुरू हो गया था। पारदर्शिता बढ़ाने, समयपालन सुनिश्चित करने और प्रशासनिक कार्यकुशलता में सुधार करने के उद्देश्य से सरकार ने महानदी भवन और इंद्रावती भवन दोनों में इस सिस्टम को लागू करने की घोषणा की थी।अब ट्रायल रन सफल होने के बाद 1 दिसंबर 2025 से मंत्रालय के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए एईबीएएस के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराना अनिवार्य होगा।

# आज से बदलेंगे कई नियम, आपकी जेब पर पड़ेगा असर



राजनांदगांव (दावा)। 1 दिसंबर से कई महत्वपूर्ण नियमों बदलाव हो रहा है, जिनका आम आदमी पर असर पड़ेगा। 1 दिसंबर से आधार कार्ड ऑनलाइन नाम, पता, जन्मतिथि और मोबाइल नंबर अपडेट की सुविधा मिलेगी, सत्यापन पैन कार्ड या पासपोर्ट से होगा। यूआईडीएआई ने नया आधार ऐप भी लॉन्च किया है।

### 1 दिसंबर को एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में बदलाव

तेल कंपनियां 1 दिसंबर को एलपीजी सिलेंडर के नए रेट जारी करेंगी। अंतरराष्ट्रीय बाजार और डॉलर रेट में उतार-चढ़ाव के आधार पर कीमतें तय होंगी। जहां पिछले महीने कमर्शियल एलपीजी सस्ता हुआ था, वहीं घरेलू उपभोक्ता इस बार नए रेट्स पर नजर लगाए हुए हैं, क्योंकि इनका सीधा असर मासिक बजट पर पड़ता है।

### आधार कार्ड से जुड़े नियम

1 दिसंबर से आपका आधार कार्ड आसानी से अपडेट होगा। यूआईडीएआई ने नया आधार ऐप भी लॉन्च कर दिया है। आपके आधार कार्ड पर नाम, पता, जन्मतिथि जैसी जानकारी आप पूरी तरह से ऑनलाइन अपडेट कर सकते हैं। इस नई अपडेट प्रक्रिया से अब डेटा का सत्यापन पैन कार्ड या पासपोर्ट जैसे सरकारी रिकॉर्ड से हो जाएगा। आप अपना मोबाइल नंबर भी ऑनलाइन अपडेट कर सकेंगे।

### महंगा होगा हवाई किराया

एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमतों में भी 1 दिसंबर से बदलाव होगा। नई दरों का असर एयरलाइंस के ऑपरेटिंग कॉस्ट पर पड़ेगा और यात्रा के व्यस्त सीजन में हवाई किराए में भी उतार-चढ़ाव संभव है। हर महीने की पहली तारीख को ऑयल मार्केटिंग कंपनियां एटीएफ यानी एविएशन टरबाइन फ्यूल की कीमतें भी अपडेट करती हैं। कई बार कीमतों में कोई बदलाव नहीं होता। लेकिन अगर कीमतें अप्रत्याशित रूप से बढ़ीं तो इसका सीधा असर हवाई किराये पर भी पड़ सकता है।

### सस्ते होंगे पेट्रोल-डीजल ?

तेल कंपनियां हर माह की शुरुआत में पहले पेट्रोल और डीजल की कीमतों की समीक्षा करती है। हालांकि ये कीमतें हर दिन भी बदल सकती हैं। पेट्रोल-डीजल की कीमतें वैश्विक रुझानों और करेंसी की चाल पर निर्भर करती हैं। 1 दिसंबर को अगर ऐसा होता है तो लोगों की जेब पर इसका सीधा असर पड़ेगा।

# अमीन भर्ती परीक्षा 7 दिसंबर को, जल संसाधन विभाग के लिए आयोजित होगी परीक्षा

**व्यापमं के स्पष्ट निर्देश, कड़े नियमों का पालन करने होंगे परीक्षार्थियों को**




राजनांदगांव (दावा)। इस सप्ताह शहर सहित जिले भर के 46 केंद्रों में जल संसाधन विभाग के लिए अमीन भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी। व्यापमं द्वारा आयोजित इस परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों द्वारा अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई है। अमीन भर्ती परीक्षा के लिए जिले में 46 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जहां परीक्षार्थियों की व्यवस्था के लिए तैयारियां शुरू हो गई है। इन केंद्रों में 13 हजार 331 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। यह परीक्षा रविवार सात दिसंबर को दोपहर 12 बजे से सवा 2 बजे तक आयोजित होगी। उम्मीदवारों के लिए एडमिट कार्ड 28 नवंबर 2025 को सीजी व्यापमं की वेबसाइट पर जारी किया गया, जिसे डाउनलोड किया जा सकता है। भर्ती जल संसाधन विभाग में कुल 50 पदों के लिए है और आवेदन प्रक्रिया 23 सितंबर से 17 अक्टूबर 2025 तक चली थी।

### परीक्षार्थियों को करने होंगे कड़े नियमों का पालन

जल संसाधन विभाग के लिए आयोजित इस अमीन भर्ती परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को कड़े नियमों का पालन करना होगा। व्यापंम द्वारा पूर्वानुसार बनाए गए कड़े नियमों को अनदेखी किए जाने से उन्हें परीक्षा से वंचित होना पड़ सकता है। उक्त भर्ती परीक्षा में हिस्सा लेने वाले परिक्षार्थियों के लिए व्यापमं ने अनेक नियम व शर्तें रखे हैं। उक्तानुसार परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से 2 घंटा पहले आना होगा। ताकि फिक्सिंग एवं फोटो युक्त पहचान पत्र का सत्यापन किया जा सके। यानि कि जैसे परीक्षा उस दिन दोपहर 12 बजे शुरू हो रही है। तो परीक्षार्थियों को 10 बजे से ही अपने परीक्षा केंद्र में आनी होगी। परीक्षार्थी हल्के रंग के आधी बांह वाले कमीज पहनने होंगे तभी परीक्षा हाल में वे प्रवेश पा सकेंगे।

### शीत लहर वाले समय में स्वेटर पहनने की अनुमति

बता दें कि अभी अंचल में शीतलहर जैसी स्थिति बनी हुई है। इसे देखते हुए व्यापंम ने निर्देश दिया है कि परीक्षार्थी बिना जेब के साधारण स्वेटर पहनकर आ सकेंगे। परिक्षार्थियों को चाकलेटी, बैंगनी, काला व गहरा नीला, गहरा हरा एवं जामुनी रंग के स्वेटर पहन कर आने की मनाही है। उक्त रंग के स्वेटर पहन कर आने वाले परिक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इस संबंध में व्यापमं का स्पष्ट निर्देश है कि परीक्षार्थी मोबाइल आदि संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण इलेक्ट्रॉनिक घड़ी के अलावा स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि पहनकर परीक्षा में शामिल नहीं हो सकेंगे। परीक्षार्थियों को किसी तरह के गुटका पाउच लेकर भी परीक्षा हाल में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा हाल में प्रवेश से पूर्व सुरक्षा जांच के समय सुरक्षा कर्मियों के सामने स्वेटर उतार कर जांच करानी होगी। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आगामी दिनों शहर सहित जिले भर के परीक्षा केंद्रों में आयोजित अमीन भर्ती परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों द्वारा पूर्व तैयारी की जा रही है ताकि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार व्यवधान न हो सके।

# एसपी सुश्री अंकिता शर्मा ने सोमनी थाने का रात्रि में किया आकस्मिक निरीक्षण



राजनांदगांव (दावा)। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा शनिवार की रात्रि तकरीबन 11 बजे अचानक सोमनी थाने आ धमकी और घूम-घूम कर थाने का जायजा लिया तथा पुलिस कक्ष सहित पुलिस क्वार्टर का निरीक्षण करते हुए थाना प्रभारी अरुण कुमार नामदेव को आवश्यक निर्देश दिए।

बताया जाता है कि निरीक्षण के दौरान एसपी सुश्री अंकिता द्वारा विभिन्न प्रमुख बिंदुओं की गहन समीक्षा की गई तथा थाने के स्टाफ के कार्यकलाप एवं कार्यप्रणाली, थाने की स्वच्छता एवं रखरखाव की स्थिति ,स्टाफ का अनुशासन एवं समयबद्धता का जायजा ली। एसपी सुश्री अंकिता द्वारा सोमनी थाने की रात्रि गश्त पेट्रोलिंग टीम की वास्तविक स्थिति, टीम ड्यूटी पर बाहर है अथवा नहीं के अलावा बैरक एवं पुलिस स्टाफ के आवासीय सुविधाओं का भी निरीक्षण किया गया।

**थाना प्रभारी श्री नामदेव को दिए गए आवश्यक निर्देश**

### शराब सेवन की भी की गई जांच

ड्यूटी के दौरान सुश्री अंकिता शर्मा द्वारा किसी भी कर्मचारी द्वारा शराब सेवन किए जाने की भी जाँच भी की गई। जिसमें सभी कर्मचारी अनुशासन की स्थिति में पाए गए। उन्होंने रात्रि में सप्राइज चेकिंग कर ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों से चर्चा की तथा भविष्य में और भी बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए गए।

### पुलिस बल में अनुशासन व कार्य क्षमता में वृद्धि का उद्देश्य

सोमनी थाना प्रभारी अरुण कुमार नामदेव ने बताया कि एस पी महोदया सुश्री अंकिता शर्मा का थाने का सरप्राइज चेकिंग सकारात्मक रही। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा किए गए ऐसे आकस्मिक निरीक्षणों का उद्देश्य पुलिस जवानों एवं कर्मचारियों में पुलिसबल में अनुशासन एवं कार्यक्षमता में वृद्धि करना है।

आरक्षकों में ड्यूटी के प्रति गंभीरता और उत्तरदायित्व बढ़ाने सहित रात्रि गश्त एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना भी है। उन्होंने बताया कि जनता में पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास का सुदृढ़ होना। थानों में स्वच्छता, व्यवस्था एवं सतर्कता में सुधार टीम स्पिरिट की भावनाओं को प्रोत्साहन देना था। श्री नामदेव ने बताया कि सोमनी पुलिस जनता की सुरक्षा एवं सेवा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

# शेयर ट्रेडिंग व डिजिटल अरेस्ट केस में पुलिस ने 35 लाख रुपए कराया गया होल्ड



राजनांदगांव (दावा)। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में सायबर पुलिस सहित बसंतपुर पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को सनसिटी कालोनी की रहने वाली एनआईआर महिला से डिजिटल अरेस्ट व शहर के युवा व्यापारी से शेयर ट्रेडिंग के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। उक्त आरोपियों के पास से शेयर ट्रेडिंग के केस में पुलिस के द्वारा साइबर पोर्टल के माध्यम से करीब 18 लाख रूपये तथा डिजिटल अरेस्ट केस में करीब 17 लाख रूपये आरोपियों के बैंक खातों में होल्ड कराया गया है। इस प्रकार बताया जाता है कि उन दोनों प्रकरणों में कुल 35 लाख रूपये होल्ड कराया गया है जिसे पीड़ितों को वापस कराया जाएगा जिसकी प्रक्रिया जारी है।

**पीड़ितों को वापस की जाएगी होल्ड कराई गई उक्त राशि**

# निरीक्षण के दौरान स्कूल में अनुपस्थित 4 शिक्षकों का वेतन काटने के निर्देश

डोंगरगढ़ (दावा)। विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम मुंदगांव के शास.पू.मा.शा में विकासखंड ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डोंगरगढ़ के द्वारा औचक निरीक्षण के दौरान 04 शिक्षकों को शाला से नदारत पाए जाने पर एक दिन का वेतन काटे जाने की कार्यवाही का मामला सामने आया है।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीनिवास मिश्रा द्वारा कार्यालय डोंगरगढ़ द्वारा प्रेस नोट जारी कर बताया गया कि 18 नवम्बर 2025 को मेरे द्वारा शास. प्राथ / पूर्व माध्य. शाला मुंदगांव का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान शिक्षक लीलेश कुमार पैकरा सहायक शिक्षक एल.बी., श्रीमती रिचा टांक प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला मुंदगांव एवं श्रीमती हेमलता सिन्हा प्रधान पाठक, श्रीमती सरिता साहू शिक्षक एल.बी. शास.पू.मा.शा. मुंदगांव अनुपस्थित पाये गये। अतः जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार संबधित सभी शिक्षकों का एक दिवस वेतन काटने की कार्यवाही की गई। आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी।

# मुख्यमंत्री साय ने रायपुर में सुनी प्रधानमंत्री मोदी की 128वीं 'मन की बात'



रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 128वीं कड़ी को सुना और इसे अत्यंत प्रेरणादायी बताया। मुख्यमंत्री ने इस कार्यक्रम को देश की सामूहिक चेतना का उत्सव बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री एक अभिभावक की तरह देश की बातों को देशवासियों के सामने रखते हैं और हर माह प्रेरणादायक संदेश देते हैं। श्री साय ने कहा कि 'मन की बात' देश के कोने-कोने में हो रहे नवाचारों, जनभागीदारी और उत्कृष्ट प्रयासों को पहचान दिलाती है, जिससे राष्ट्र निर्माण में लगे समर्पित लोगों को सम्मान मिलता है। आज के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा जिन मुख्य विषयों की सराहना की गई, उनमें खाद्यान्न उत्पादन में रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी (357 मिलियन टन), विभिन्न राज्यों में शहद प्रसंस्करण की उन्नत विधियां, नेचर फॉर्मिंग (प्राकृतिक खेती) का महत्व, नौसेना सशक्तिकरण, और महिला खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन शामिल थे।

# इंस्टाग्राम के माध्यम से अश्लील गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार




**राजनांदगांव (दावा)। जिले की छुरिया पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के व्यक्ति को इंस्टाग्राम पर गाली-गलौज कर उसे जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को धर दबोचा है। पुलिस ने उसके गिरफ्तार कर छुरिया न्यायालय में पेश कर वहां से वारंट मिलने पर उसे जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया है। आरोपी का नाम फैजान खान पिता मुश्ताक खान उम्र 23 वर्ष निवासी सीताबर्डी छुरिया थाना बताया जाता है।**

छुरिया थाना प्रभारी ने बताया कि गत 27 नवंबर को थाना छुरिया में दर्ज अपराध क्रमांक 281/2025 धारा 296, 351(4) ब्नहृस के प्रार्थी के इंस्टाग्राम एकाउंट में अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपने इंस्टाग्राम आईडी से अश्लील गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी का मैसेज पोस्ट करने बाबत लिखित शिकायत पर थाना छुरिया में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले में सायबर सेल राजनांदगांव एवं थाना छुरिया पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अज्ञात इंस्टाग्राम आईडी धारक आरोपी का पता तलाश कर आरोपी फैजान खान पिता मुश्ताक खान को भिलाई से अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर अपराध घटित करना स्वीकार किया गया। इस पर आरोपी से घटना में प्रयुक्त मोबाईल फोन जप्त कर मामले में धारा 66 (सी) आईटी एक्ट जोड़कर रविवार 30 नवंबर को प्रकरण में गिरफ्तार कर कार्यवाही किया गया तथा परिशांति कायम रखने हेतु आरोपी के विरुद्ध धारा 170/126,135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट छुरिया न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया है।

# किसानों से 1,998 लाख क्विंटल धान की हुई खरीदी

**11 दिनों में धान बेचकर चुका दिए 136 करोड़ रुपये के ऋण**

**राजनांदगांव (दावा)। समर्थन मूल्य पर धान बेच रहे किसानों ने मात्र 11 दिनों में 136 करोड़ रुपये का ऋण भी चुका दिया है। खरीफ फसलों के लिए लगभग 2.20 लाख किसानों ने 1,600 करोड़ रुपये से अधिक का ऋण लिया है। इस हिसाब से शुरुआती दिनों में ही लगभग नौ प्रतिशत कर्ज किसान चुका चुके हैं। खरीदी अभी दो माह और चलेगी। ऐसे में माना जा रहा है कि हर वर्ष की भांति इस बार भी जिले के किसान अपना संपूर्ण ऋण चुकता कर देंगे।**

सहकारी बैंक के आंकड़ों के अनुसार 15 से 28 नवंबर के मध्य अविभाजित राजनांदगांव जिले के राजनांदगांव, कवर्धा, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के कुल 38 हजार 852 किसानों ने अब तक धान बेचा है। इसकी मात्रा 1,998 लाख क्विंटल और कीमत 471 करोड़ रुपये है। इन किसानों को भुगतान भी किया जा चुका है। धान खरीदी की अपेक्षित गति राजनांदगांव और कवर्धा जिले में है। 15 हजार 732 व 12 हजार 121 किसान अपना धान बेच चुके हैं। इसी तरह खैरागढ़ में 7,696 और मोहला में 3,303 किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान बेचा है। राजनांदगांव के किसानों ने 57 करोड़ रुपये का ऋण धान बेचकर चुकता कर दिया है। कवर्धा में 39 करोड़ रुपये का कर्ज चुकाया जा चुका है। खैरागढ़ में 31 करोड़ व मोहला में नौ करोड़ रुपये का कर्ज चुकाया जा चुका है

इस सप्ताह से शुरू होगा उपार्जन केंद्रों से परिवहनधान खरीदी की गति धीरे-धीरे तेज होती जा रही है। शुरुआत में आवक कमजोर थी, लेकिन अब इसमें हर दिन तेजी देखने को मिल रही है। कुछ उपार्जन केंद्रों में तय सीमा पार होने वाली है। जाम की स्थिति न बन पाए, इसे ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने उपार्जन केंद्रों से धान के परिवहन की तैयारी भी शुरू कर दी है।

बताया गया कि अगले सप्ताह से परिवहन शुरू भी करा दिया जाएगा। ताकि किसानों को धान बेचने में किसी तरह की परेशानी न हो। हालांकि अभी किसी भी उपार्जन केंद्र से धान का परिवहन शुरू नहीं हो सका है।

## विष्णुदेव साय कैबिनेट की तीन दिसंबर को अहम बैठक, कई मुद्दों पर हो सकती है चर्चा

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार तीन दिसंबर को महत्वपूर्ण कैबिनेट बैठक आयोजित करने जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में होने वाली यह बैठक रविवार सुबह 11 बजे मंत्रालय के मंत्रिपरिषद कक्ष में शुरू होगी। बैठक में राज्य प्रशासन से जुड़े कई प्रमुख विषयों पर चर्चा की जा सकती है। कैबिनेट के समक्ष बुनियादी ढांचे से जुड़ी योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों, कानून-व्यवस्था की स्थिति और प्रशासनिक सुधारों पर भी विस्तृत रिपोर्ट रखी जा सकती है। सरकार की प्राथमिकताओं के आधार पर आने वाले महीनों के लिए कार्ययोजना तैयार करने के संकेत भी मिल रहे हैं।

# दो साल बाद दुष्कर्म पीड़िता को मिला न्याय, एनएसयूआई छात्र नेता को 10 साल की सजा

कांकेर। दुष्कर्म और मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो वर्ष बाद न्यायालय ने नयापारा भानुप्रतापपुर निवासी एनएसयूआई छात्र नेता रूहाब मेमन (26) को 10 साल कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 1,500 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। मामला 16 नवंबर 2022 का है। छात्र नेता रूहाब मेमन के बुलाने पर कालेज छात्रा घड़ी चौक के पास पहुंची थी। इसके बाद रूहाब ने उसे अपनी कार में केशकाल ले गया। केशकाल से लौटते वक्त रूहाब उसे झांसे में लेकर कांकेर के सिंगारभाट जंगल ले गया। अंधेरा होने पर छात्रा ने उससे घर छोड़ने का आग्रह किया, लेकिन आरोपित उस पर शारीरिक संबंध के लिए दबाव बनाने लगा। पीड़िता के इनकार करने पर उसने कार से कुचलकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित छात्रा डरकर उससे घर छोड़ने की मिन्नतें करने लगीं, लेकिन आरोपित नहीं माना। उसने कार में ही दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। छात्रा से मारपीट भी की। मौका पाकर छात्रा ने अपने कालेज के सीनियर को फोन किया, लेकिन आरोपित ने उसे देख लिया और मोबाइल छीनकर फेंक दिया। इसके बाद फिर आरोपित ने डरा-धमका कर दुष्कर्म किया।

इसी बीच पीड़िता का दोस्त और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट और अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज किया। जांच पूरी होने के बाद अभियोग पत्र प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश कांकेर विभा पांडे के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत करने पर सभी तथ्य साबित हो गए। कोर्ट में 21 महत्वपूर्ण गवाहों की गवाही कराई गई।










स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com